हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026

तापमान

अधिकतम 38.9 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

12 67 लाख का नाला सफाई का ठेका, बारिश ...



13 भूपेश ने किसानों को किया सावधान, धान ...





## खबर संक्षेप



### म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी, 6 आरोपी पकड़ाए

**भिलाई।** म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से मिले सूचना के आधार पर उतई पुलिस ने कार्रवाई किया है। वर्ष 2024-26 के मध्य आईडीएफसी बैंक खातों का परीक्षण किया। जांच में यह पाया गया कि साइबर ठगी मामलों में संदिग्ध खातों की जानकारी हुई। पुलिस ने पॉच रास्ता, मोतीलाल चौक सुपेला निवासी भूपेन्द्र हिरवानी, वार्ड 6, संजय नगर सुपेला नवलेश्वर पाटले , प्रगति नगर, केम्प 1 जलेबी चौक छावनी पवन सिंह , मैत्रीनगर, फेस 4, रिसाली आकाश चन्द्राकर , हाउस नंबर 770, इंडोर स्टेडियम पास तितुरडीह दुर्ग अर्पण शुक्ला , क्वाटर नंबर 28 सी सड़क 37 सी सेक्टर 7 मुकेश सिंह को पकड़ा है। इनके पास से पुलिस ने आईडीएफसी बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल सिम कार्ड, बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

### रंजिश के चलते हमला पांच धरे गए

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते पुलिस ने पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि बाम्बे आवास घासीदास नगर जामुल निवासी संतु मारकण्डेय, सतीश मारकण्डेय, दीपक साहू के साथ रंजिश के चलते 16 जून की रात लाठी , हथियार से हमला किया गया। घटना में मोहल्ले के हर्ष साहू, दिनेश साहू उर्फ दीनू, विजय यादव उर्फ करण यादव, परिचय उर्फ गुलशन, मोह. आसिफ समेत अन्य युवक शामिल है। गंभीर रुप से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल बेजा गया। शिकायत करने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर घटना में शामिल पांच व तीन अपचारी बालको को पकड़ा है।

### घरेलू विवाद, मां पत्नी के साथ मारपीट गिरफ्तार

भिलाई। घरेलू विवाद के चलते पत्नी और मां के साथ मारपीट कर हथियार दिखाकर धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कंट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी फेंकन बाई ने पुलिस में शिकायत किया। जिसमें पुत्र विजय कुमार वर्मा शराब सेवन कर घर पहुंचा और अपने नाती को गाली-गलौज कर रहा था। समझाने पर विजय ने अपनी पत्नी सरिता वर्मा के साथ मारपीट ,जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता जब बीच बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट कर धारदार हथियार दिखाकर भय उत्पन्न कर जान से मारने की धमकी देता रहा। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# स्कूलों की जांच में शिक्षकों की उपस्थिति, पढ़ाई व मध्यान्ह भोजन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सरकारी स्कूलों में इस बार शुरूआत से ही लचर व्यवस्था पर लगाम कसने की कोशिश हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी सहित मातहत अधिकारियों की टीम स्कूलों में औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। बुधवार को भी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने जिले के दुर्ग विकास खण्ड के विभिन्न शालाओं का औचक निरीक्षण किया गया । सहायक संचालक समृद्धि जोशी ने भी कई स्कूलों में पहुंची।

शासकीय प्राथमिक शाला अछोटी भाठा का डीईओ मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान खेमलाल साहू प्रधानपाठक 10.00 बजे तक शाला में उपस्थित नहीं हुए थे। मध्यान्ह भोजन के संबंध में उपस्थित शिक्षिका से पूछने पर मध्यान्ह भोजन महिला स्व सहायता समूह द्वारा बस्ती में एक साथ बनाया जाकर निर्धारित समय में खाना पहुंचाने की सूचना दी गई। पूर्व माध्यमिक शाला, अछोटी / प्राथमिक शाला अछोटी का औचक निरीक्षण दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक के छात्र-छात्राओं के द्वारा किये गये जा रहे प्रार्थना सभा में उत्साहवर्धन के साथ छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण के लिए साार्थक होना प्रतीत करता है साथ ही विद्यालय का परिसर साफ-सुथरा पाया गया।

## स्कूल खुलते ही डीईओ मिश्रा और अफसरों की टीम ने किया औचक निरीक्षण

### 12 खड़ी पहाड़ा विद्यार्थियों ने पढ़ा

प्राथमिक शाला में कक्षा दूसरी व पांचवी के छात्र-छात्राओं से 12 खड़ी पहाड़ा की जानकारी डीईओ ने पूछा। छात्र-छात्राओं द्वारा पढ़कर सुनाया गया। जिस पर शिक्षक एवं छात्राओं को शाबाशी देकर हौसला बढ़ाया। शा.पू.मा व प्राथमिक शाला आलबरस का निरीक्षण दौरान सभी शिक्षक उपस्थित तथा अध्यापन कार्य कराते पाये गये।



### बच्चों की उपस्थिति अच्छी नहीं

सहायक संचालक समृद्धि जोशी ने शासकीय प्राथमिक शाला न्यू खुर्सीपार का निरीक्षण किया गया। छात्र दर्ज संख्या 83 है किन्तु उपस्थिति संतोष जनक नहीं होने से उपस्थिति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। गणवेश वितरण किया जा चुका है, पाठ्यपुस्तक सर्वर का सही रूप से काम नहीं करने के कारण स्कैनिंग का कार्य नहीं होने से वितरण की कार्यवाही नहीं हो पायी है। मध्यान्ह भोजन चालू स्थिति में पाई गई। सभी संस्था प्रमुखों को अध्यापन कक्ष, शाला प्रांगण, शौचालय, यूरिनल को स्वच्छ रखने एवं पीने योग्य पानी तथा मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन दिए जाने के निर्देश दिए।

### रूदा में प्रायोगिक कार्य भी जोड़ा

हाईस्कूल रूदा का औचक निरीक्षण दौरान 10वीं के छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य कराया गया। कुल 13 स्टाफ में सभी उपस्थित पाये गये। संस्था प्राचार्य को सत्र हेतु तैयार किये गये कालखण्ड में प्रायोगिक कार्य को भी जोड़ने के निर्देश के साथ प्रारंभ से ही प्रायोगिक कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गए। प्रो.पू.मा.शाला आमटी में सभी 7 शिक्षक उपस्थित पाये गये तथा अध्यापन कार्य कराते पाया गया।

## प्री मानसून की पहली ऐसी बारिश, लोगों को मिली बड़ी राहत


# दिनभर भीषण गर्मी, शाम को गरजे बादल, हुई बारिश, बिजली गुल होने से लोग हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो से तीन दिन में मानसून की दस्तक

ट्विनसिटी में बुधवार को पूरे दिन भीषण गर्मी रही। शाम को अचानक आसमान पर काले बादल छाए। कड़कड़ाती बिजली और तेज गरज के साथ बारिश हुई। प्री मानसून में अब तक इस तरह से पहली बारिश है जिससे ट्विनसिटी सरोबार हुआ। इस बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिली है। मौसम के इस बदलाव के साथ ही भिलाई दुर्ग में बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। जिसकी वजह से घंटों लोग उमसभरी गर्मी से हलाकान रहे। घर व कार्यालय के भीतर रहना मुश्किल हो गया। मौसम विभाग ने आने वाले पांच दिनों तक हल्की से मध्यम मेघगर्जन की गतिविधि जारी रहने की संभावना है।

प्री मानसून का हर दिन इंतजार हो रहा था। सुपेला, पावरहाउस, छावनी, रिसाली, दुर्ग सहित आसपास के इलाके में बारिश करीब डेढ़ घंटे तक हुई। रूक-रूक कर बारिश चलती रही। इस बीच मेघ गर्जन बार-बार हो रहा था। जिसकी वजह से और बारिश होने की संभावना रही। बारिश थमने के बाद भी आसमान पर काले बादल छाए रहे। बादल उमड़ -घुमड़कर आ जा रहे थे।




### बारिश से जहां-तहां लोगों का जमावड़ा

शाम को अचानक बारिश होने से लोग बचने के लिए जहा-तहां रूक गए। सुपेला ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के नीचे बड़ी संख्या में लोग ठहरे हुए मिले। चौक-चौराहों पर भी यही दृश्य था। पेट्रोल पंप के नीचे भी लोग बड़ी संख्या में रूके रहे। बारिश रूकने का ये लोग इंतजार करते रहे। बारिश कम हुई तो लोग अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

### किसानों को अब भी इंतजार

किसानों की चिंता अब भी बनी हुई है। किसानों को ऐसी बारिश का इंतजार है कि वे अपनी खेती-किसानी शुरू कर सके। प्री मानसून का सीजन चल रहा है लेकिन बारिश हो नहीं रही है। इसलिए किसान बोनी शुरू नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि यदि सप्ताहभर में किसानी के लायक बारिश नहीं हुई तो वे पिछड़ जाएंगे। इससे पैदावारी भी प्रभावित होगी।



### दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अभी और इंतजार

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 38.5C रायपुर में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.2C दुर्ग में दर्ज किया गया। दुर्ग का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले एक सप्ताह से पारा 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच झूल रहा है।

### यह चल रहा सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब से हरियाणा और उत्तर प्रदेश से होते हुए बिहार तक समुद्र तल पर मौसमी द्रोणिका बनी हुई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश से पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी विदर्भ और तेलंगाना से होते हुए दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश तक समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक एक द्रोणिका बनी हुई है। पूर्वी विदर्भ और उससे सटे दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर समुद्र तल में 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

### आज भी हल्की बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक 18 जून को एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा तेज हवा (40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की संभावना है। अंधड़ के साथ बारिश भी हो सकती है। 2 दिनों के बाद प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## पूर्व सीएम के फर्जी मैसेज को लेकर बवाल, दो पर केस दर्ज



**भिलाई।** सोशल मीडिया पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ कथित इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैसेज का स्क्रीनशॉट वायरल हुआ। जिसे लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में भिलाई तीन के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भिलाई-3 थाने पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सोशल मीडिया में फर्जी मैसेज वायरल करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की। पुलिस देर शाम तक मामले में पुष्पराज और सागर साहू नामक युवकों के नाम से अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। कांग्रेसियों का कहना था कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल का वायरल सामग्री को फर्जी है। जिसे लेकर कांग्रेसी आक्रोशित हो गए। सोशल मीडिया पर दावा किया गया है कि महादेव सट्टा ऐप संचालक सौरभ चंद्राकर के कथित इंस्टाग्राम अकाउंट और भूपेश बघेल के नाम से जुड़े एक कथित यूजरनेम के बीच मैसेज का आदान-प्रदान हुआ है। जबकि भूपेश बघेल ने दावा किया कि वायरल चैट पूरी तरह फर्जी है और इसमें दिखाए गए यूजरनेम के साथ किसी तरह की बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कथित फर्जी चैट के स्क्रीनशॉट भी साझा किए और कहा कि यह लोगों को गुमराह करने की कोशिश है। इसे लेकर स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद मामला राजनीतिक रूप से गरमा गया है। कांग्रेसी महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, श्रीकांत वर्मा, सुजीत बघेल के नेतृत्व में थाने में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि निष्पक्ष जांच हो।

### दो के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। शिकायत में सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट को लेकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने दो के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

-**प्रशांत पैकरा,** सीएसपी छावनी

## अमलीडीह में अवैध निर्माण, प्रशासन ने तोड़ा

**दुर्ग।** पाटन के ग्राम अमलीडीह में अवैध प्लॉटिंग का मामला सामने आया है। शिकायत उपरांत हुई जांच के बाद प्रशासन की टीम ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। निर्माण को तोड़ा। जानकारी के मुताबिक पटवारी हल्का नंबर 10 स्थित भूमि खसरा 15000 रकबा 27.351 हेक्टेयर भूमि पर अनुमोदित अभिन्यास का विचलन कर बड़े-बड़े टुकड़े में उपविभाजन तथा अवैध रूप से मार्ग, बाउण्ड्रीवॉल एवं अन्य विकास, निर्माण का कार्य कर भूमि के प्राकृतिक स्वरूप में परिवर्तन किया गया था। छत्तीसगढ़. नगर तथा ग्राम निवेश के टीम द्वारा अप्राधिकृत विकास को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर तथा ग्राम निवेश के सहायक संचालक के अनुसार मेसर्स दमयंती इन्फ्रास्ट्रक्चर डंगनिया को विधिवत नोटिस भेजा गया था। निर्धारित समय तक जवाब प्राप्त नहीं होने से विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक संचालक वर्षा दीवान मिश्रा, वरिष्ठ शोध सहायक अनुप कुमार गढ़े, अनुरेखक कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश सजल शर्मा, तहसीलदार पाटन भूपेन्द्र सिंह, अमलीडीह पटवारी रूपेन्द्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## जामुल में मालवाहक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ निर्माणाधीन मकान को देखकर लौट रहा था मृतक

माल वाहक के चालक की लापरवाही के चलते वृद्ध हादसे का शिकार हो गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि हाउसिग बोर्ड इंदिरा नगर हथखोज भिलाई तीन निवासी शिव दयाल कश्यप 16 जून की शाम शिवपुरी जामुल में निमार्णाधीन मकान को देखने अपने सायकल से निकले थे। वापस लौटते समय सिसकोल कंपनी के सामने राजीव नगर के पास छोटा हाथी टाटा एस सीसी 07 सीवाई 5936 के चालक ने चपेट में लिया। हादसे में शिव दयाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में शिव दयाल के सिर, पैर,हाथ में गंभीर चोट आई थी। शव को पीएम के लिए मरच्यूरी भेज दिया गया। बताया गया है कि माल वाहक चालक हादसे के समय नशे की हालत में था। पूरी घटना का एक विचलित करने वाला सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें स्पष्ट दिख रहा है कि अपने साइड पर वृद्ध शांति से चल रहे थे। तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है।

### नेहरू नगर चौक में बाइक सवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

नशे की हालत में तेज रफ्तार से बाइक से आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सुपेला पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात नेहरु नगर चौक के पास बाइक सीजी 07 बीएम 0957 का चालक लहराते हुए वाहन करो चला रहा था। तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने युवक को ठोकर मार दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक युवक का नाम हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी यश पाण्डेय है। घायल युवक का नाम जीवन बहादुर को सामान्य चोटे आई है। मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। बहरहाल पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कैमरों की मदद से आरोपी वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।

## परिजनों ने की सिविल सर्जन से शिकायत, महिला डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग

# जिला अस्पताल ने बताया किडनी-लिवर डैमेज, निजी ने कहा-सब ठीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ सिविल सर्जन ने दिए जांच के निर्देश

दुर्ग जिला अस्पताल में चिकित्सा लापरवाही का मामला सामने आया है। एक लड़की को चिकित्सक द्वारा किडनी और लिवर में गंभीर समस्या बताकर रायपुर रेफर किए जाने के बाद दूसरे अस्पताल में उसकी रिपोर्ट सामान्य आने पर परिजनों ने जांच और कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले जिला अस्पताल में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने के आरोप के बीच एक बालिका की मौत का मामला सामने आया था। यह मामला अभी ठंडा हुआ नहीं कि इसी बीच यह नया विवाद अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर फिर सवाल खड़े कर रहा है।



जानकारी के अनुसार केलाबाड़ी निवासी फिरोज खान की बेटी आलिया को 5 जून को बुखार आने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि विभिन्न जांचों के बाद रात करीब 11 बजे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. चारू शाश्वत ने बच्ची की मां को बताया कि उसकी किडनी और लिवर प्रभावित हैं तथा उसे तत्काल रायपुर के मेकाहारा अस्पताल ले जाना चाहिए। परिजनों का कहना है कि बच्ची की दिनचर्या और स्वास्थ्य सामान्य था, इसलिए अचानक इतनी गंभीर बीमारी की जानकारी मिलने पर वे चिंतित हो गए। इसके बाद उन्होंने बच्ची को जिला अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर भिलाई स्थित चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां दो से तीन दिन उपचार के बाद बच्ची स्वस्थ होकर घर लौट आई। परिजनों का दावा है कि वहां हुई जांच में किडनी और लिवर सामान्य पाए गए। इससे नाराज परिजनों ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच तथा संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने महिला चिकित्सक पर अभद्र व्यवहार का आरोप भी लगाया है।



### कुछ डॉक्टरों की लापरवाही से लगातार सुर्खियों में जिला अस्पताल

शिकायत के बाद जांच तो बिठा दिया जाता है लेकिन कार्रवाई में काफी लंबा समय निकल जाता है। अस्पताल में सारी सुविधाएं होने के बाद भी कुछ डॉक्टरों के लापरवाही के चलते लगातार जिला अस्पताल का नाम सुर्खियों में है। कुछ दिन पहले खून मिलने में देरी के चलते एक युवती की जान चली गई। इसकी जांच भी जारी है लेकिन निर्णय कब आएगा, पता नहीं। इसी प्रकार किडली और लिवर डैमेज मामले में जांच को लेकर भी लोगों को शंका है।

### परिजनों ने डिरेंज को समझा डैमेज-डॉ. मिंज

मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज ने डॉ. चारू शाश्वत को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा। सिविल सर्जन के अनुसार डॉ. चारू ने उन्हें बताया कि परिजनों को अंगों की स्थिति डिरेंज होने की बात कही थी, जिसे परिजनों ने डैमेज समझ लिया। हालांकि पूरे मामले की जांच के लिए दो डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गई है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### चंगोरी में वोल्टेज की समस्या, बिजली उपभोक्ता परेशान

**दुर्ग।** चंगोरी के पुराना बस्ती के ग्रामीण पिछले 15 महीनों से लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण घरों में बिजली के उपकरण चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने 17 जून 2024 को आवेदन दिया था, जिसमें ग्रामवासियों दिनेश कुमार, रमेश, प्रशांत, यशवंत समेत दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर के साथ कनिष्ठ अभियंता को आवेदन सौंपा था। आवेदन में साफ मांग की गई थी कि वोल्टेज समस्या का जल्द निराकरण किया जाए। बिजली विभाग ने 19 जून 2024 को आवेदन पर प्राप्त की मुहर लगा दी, लेकिन 15 महीने बीतने के बाद भी ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई और ना ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। ग्रामीणों का कहना है कि लो-वोल्टेज के कारण गर्मी में पंखे-कूलर नहीं चलते। मोटर ना चलने से पानी की भारी किल्लत है। टीवी, फ्रिज, कूलर जैसे उपकरण खराब हो रहे हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग परेशान है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया या अतिरिक्त ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तो वे बिजली कार्यालय का घेराव करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

### आप ने लॉन्च किया एप मोबाइल से दर्ज होंगी समस्याएं

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी जिला दुर्ग ने जनता की समस्याओं को सीधे पार्टी तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई सीएसडीबी सॉल्यूशन नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। ऐप के माध्यम से नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे और समस्याओं को संबंधित स्तर तक पहुंचाने का दावा किया गया है। आप नेता जसप्रीत सिंह ने बताया कि प्ले स्टोर पर उपलब्ध इस ऐप में मेरी समस्याएं, मेरा समाधान नाम से विशेष विकल्प दिया गया है। इसके जरिए जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिक अपनी शिकायतें सीधे दर्ज कर सकते हैं।

### केन्द्र सरकार की उपलब्धि पर प्रदर्शनी आज से

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिला दुर्ग द्वारा 18, 19 और 20 जून को राजेंद्र पार्क में तीन दिवसीय विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ 18 जून को शाम 4 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक ईश्वर साहू तथा महापौर अलका बाघमार सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना के विस्तार, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण तथा गरीब हितैषी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य आम नागरिकों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराना है।

# 67 लाख का नाला सफाई का ठेका, बारिश आने को लेकिन काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में बारिश से पहले की नाला सफाई का काम बंद रफ्तार से चल रही है। निगम ने इसके लिए तीन अलग-अलग ठेका निकाला है। 24, 24 लाख के दो ठेके और 19 लाख का एक ठेका निकाला गया है। इसके माध्यम से शहर के सभी प्रमुख नालों और बड़ी नालियों की सफाई कराई जानी है। बावजूद इसके नालों की सफाई के नाम पर अब तक खानापूर्ति हुई है। शंकर नाला और गिरधारी नाला में गंदगी पसरी हुई है। कातुलबोड़ क्षेत्र से गुजरने वाली बड़ी नाली में कचरा जाम है। बांधा तालाब, गयानगर, मोतीपारा सहित अन्य क्षेत्रों में भी कमोबेश ऐसे ही हालात हैं। बावजूद इसके अब तक नालों और बड़ी नालियों की सफाई का काम पूरा नहीं हो पाया है। इसे लेकर कांग्रेसी पार्षद दल ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसी पार्षदों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की अपील की। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा किनगर पालिक निगम द्वारा बड़ी नाली और नाला की सफाई करने टेंडर 24 लाख, 24 लाख और 19 लाख कुल 67 लाख की नाली नाला की सफाई का टेंडर निकाला गया है। बरसात पूर्व निकाले टेंडर से सफाई चालू नहीं हो रही है। जल भराव वाले क्षेत्र को अभी तक चिन्हित नहीं किया गया है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका बनी हुई है।

## कांग्रेसी पार्षदों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, आयुक्त से की शिकायत

### कांग्रेस शहर सरकार में निगम के संसाधनों से होती रही सफाई

संजय कोहले ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में शहर सरकार ने निगम में उपलब्ध संसाधनों से ही बारिश से पहले नालों और नालियों की सफाई कराई। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में निगम अपने संसाधन और निगम कर्मचारियों की मदद से बड़ी नाली और नाला की सफाई कराई जाती थी, जिससे नगर निगम का लगभग 65 लाख रूपया हर साल बचता था, वर्तमान में जो टेंडर हुआ है, जून माह खत्म होने वाला है। बारिश चालू होने से नाला नाली की सफाई नहीं हो पाएगी।सफाई हुई तो भी कचरा उठ नहीं पाएगा। बारिश से सारा कचरा फिर नाली और नाला में चला जाएगा।



### बारिश होते ही सब कुछ ओके बता दिया जाएगा

संजय कोहले ने कहा कि बारिश से पहले सफाई कार्य पूरा नहीं हुआ, तो सब कुछ ओके बताकर बिल का भुगतान होने का खतरा है। इसलिए कार्य एजेंसी से तत्काल सफाई कराया जाए। अन्यथा कांग्रेसी पार्षदों को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि अब तक 30 प्रतिशत भी सफाई नहीं कराई गई है। न ही किसी प्रकार का सत्यापन हो पाया है। ज्ञापन देने वाली में विजयंत पटेल, दीपक साहू, आरएन वर्मा, मनीष बघेल, भास्कर कुण्डले, अश्वनी निषाद, मनीषा सोनी, नीरा खिचरिया, पायल पाटिल, रेखा बंजारे, रूबीना खोखर सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी को लेकर भी किया प्रदर्शन

# स्मार्ट मीटर तोड़ा, बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में चिमनी सौंपकर दर्ज कराया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रदेश में लगातार बढ़ रही बिजली की कीमतों, पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को उग्र प्रदर्शन किया। कांग्रेसी कार्यकर्ता की रैली की शक्ल में राजीव भवन से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पटेल चौक पहुंचे, जहां उन्होंने बिजली दफ्तर के बाहर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान स्मार्ट मीटर का भी विरोध किया गया, मौके पर ही उसे तोड़ा गया।अधिकारियों को चिमनी भेंटकर टैरिफ में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर विरोध किया गया। अध्यक्ष राकेश ठाकुर और धीरज बाकलीवाल ने कहा कि उधर केंद्र पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी कर रही है। इधर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार स्मार्ट मीटर और बिजली टैरिफ में बढ़ोत्तरी कर आम आदमी का जीना मुश्किल दिया है। महंगाई लगातार बढ़ते जा रही है। एक आदमी का घर चलाना मुश्किल हो गया है। सब्जियों की दाम आसमान पर पहुंच चुके हैं। अन्य रोजमर्रा सामानों की कीमतों में 25 फीसदी तक बढ़ोत्तरी हो गई है। इसके विरोध में कांग्रेस का यह उग्र प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। सरकार को स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला तत्काल वापस लेना चाहिए। 1 जुलाई से बिजली दरों में की जा रही बढ़ोत्तरी वाले आदेश को भी रोकना चाहिए। अन्यथा प्रदेश की जनता सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होगी। इसके बाद की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली पटेल चौक पहुंची, जहां से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय का घेराव कर बिजली विभाग एवं राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

## राजीव भवन से रैली निकालकर पटेल चौक में पहुंचकर की नारेबाजी




### जनता को अंधेरे में धकेलने का काम कर रही

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर अपने साथ स्मार्ट मीटर लेकर पहुंचे और बिजली कार्यालय के सामने उसे प्रतीकात्मक रूप से पटक-पटककर तोड़ते हुए स्मार्ट मीटर व्यवस्था का विरोध दर्ज कराया। इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग को चिमनी भेंट करते हुए अनोखा प्रदर्शन किया और कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों ने प्रदेश की जनता को फिर अंधेरे की ओर धकेलने का काम किया है। यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन जनता पर थोपी जा रही महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस के जनआक्रोश का प्रतीक है। गौरतलब हो कि इसके पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर विद्युत कार्यालय के घेराव में लालटेन सौंप कर चर्चा में आए थे अब एक बार फिर विद्युत विभाग को चिमनी सौंप अनोखा प्रदर्शन किया गया।

### पॉवर हाउस में भी प्रदर्शन

**भिलाई।** बिजली दर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी, अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्था और अनियमित बिजली कटौती के विरोध में भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को पावरहाउस स्थित बिजली ऑफिस के पास प्रदर्शन किया। भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता बिजली ऑफिस पहुंचकर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। बढ़ी हुई बिजली दर को तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में बिजली दर में बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेने, अवस्थित विद्युत व्यवस्था को सुधारने, अनियमित बिजली कटौती तत्काल बंद किए जाने और स्मार्ट मीटर न लगाए जाने की मांग की गई है। इस दौरान भूपेंद्र यादव, नीता लोधी, शशि सिन्हा, हीरा शंकर साहू, सीजू एंथोनी, जी राजू, नर्सिंग नाथ आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रदेश में करेगी स्मार्ट मीटर का विरोध

शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार बिजली जैसी मूलभूत सुविधा को भी कमाई का जरिया बना चुकी है। अनाप-शनाप बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस इस जनविरोधी नीति का पुरजोर विरोध करती है और जब तक सरकार जनता को राहत नहीं देती, तब तक हमारा आंदोलन लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा, गलत एवं अनियमित बिजली बिलों को तत्काल निरस्त करने, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने तथा आम उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, दीपक दुबे, विक्रांत अग्रवाल, आनंद ताम्रकर, अल्ताफ अहमद, नासिर खोखर, जामवंत गजपाल, राम सुर्यवंशी, मोहन साहू, कमलेश साहू, देवेंद्र देशमुख, करीम खान, उमेश साहू, संतलाल बंजारे सहित अन्य मौजूद थे।

# आयुर्वेदिक हॉस्पिटल शिफ्ट होगा निगम के पास, आपत्ति



**दुर्ग।** कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सिल्ली थॉमस ने लोगों से शिकायत और मांग का आवेदन लिया। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई करने आवेदन मार्क किया। भाजपा पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा स्थानीय लोगों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने आयुर्वेदिक अस्पताल के शिफ्ट किए जाने पर आपत्ति की। उन्होंने कहा कि एक बड़ा वर्ग आयुर्वेद अस्पताल इलाज के लिए पहुंचता है। हॉस्पिटल को शिफ्ट किए जाने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद देवनारायण चंद्राकर, खिलावन मटियारा, युवराज कुंजाम, सुरुचि उमरे, ललिता ठाकुर, पूर्व पार्षद अरुण सिंह सहित अन्य मौजूद थे। जनदर्शन में प्रगति नगर रिसाली वार्ड-22 में अधूरी नाली निर्माण, स्मृति नगर में बंद भारतम पार्क को अतिक्रमण मुक्त कराने, कचान्दुर में राइस मिलर्स द्वारा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण को लेकर शिकायत की गई।



### रविशंकर स्टेडियम के दुकानों ने मांगा विस्थापन

पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम परिसर में वर्षों से व्यवसाय कर रहे दुकानदारों ने स्टेडियम के कायाकल्प योजना के बीच अपने व्यवस्थापन की मांग को लेकर जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। इस संबंध में शेख रज्जाक और अन्य दुकानदारों ने कहा कि वे लंबे समय से स्टेडियम परिसर में विभिन्न प्रकार के व्यवसाय संचालित कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानें खाली कराने से उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। दुकानदारों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि रविशंकर स्टेडियम के कायाकल्प कार्य के लिए स्टेडियम परिसर में संचालित दुकानों को जिला प्रशासन द्वारा खाली कराने एक माह के भीतर नोटिस जारी किया जा सकता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दुकानदार जसपाल सिंह, बेअंत सिंह, अशोक के अलावा अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

# 24 घंटे शुद्ध शीतल पेयजल व्यवस्था और बस स्टॉप का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



स्व. एचएल खंडेलवाल की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रिसाली के तालपुरी ए-ब्लॉक गेट नंबर-1 के समीप श्रद्धांजलि सभा और लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने स्व. खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके सामाजिक योगदान को याद किया।

कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक ने स्व. खंडेलवाल की स्मृति में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि स्व. खंडेलवाल ने अपना जीवन समाजसेवा, शिक्षा और जनकल्याण के कार्यों को समर्पित किया था। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर स्व. खंडेलवाल की धर्मपत्नी कमला देवी खंडेलवाल द्वारा जनहित में स्थापित 24 घंटे शुद्ध शीतल पेयजल व्यवस्था एवं आधुनिक बस स्टॉप का लोकार्पण किया गया। दोनों सुविधाओं को नगर निगम रिसाली को जनसेवा के लिए हस्तांतरित किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों और आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय कार्य है। वहीं आधुनिक बस स्टॉप से यात्रियों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। उन्होंने खंडेलवाल परिवार की समाजसेवा की भावना को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, महामंत्री गुड्डू झा, पार्षद सविता धवस, धर्मेंद्र भगत, हरीश नायक सहित जनप्रतिनिधि, नगर निगम रिसाली के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### विकास के लिए बेहतर योजना की जरुरत : शंकरलाल



**दुर्ग।** पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार ने शहर विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना की जरुरत बताया है। उन्होंने कहा कि दुर्ग निगम के अंतर्गत जितनी भी रिक्त भूमि है, उसे यथाशीघ्र चिन्हांकित किया जाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को इस काम में लगाया चाहिए। अतिक्रमण न हो, इस दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। एक अच्छे विशेषज्ञ की मदद शहर के विकास के लिए लेनी चाहिए। पार्षदों से उनके वार्डों के योजना बद्ध विकास कार्यों पर उनके साथ चर्चा कर लिखित में लेनी चाहिए। उस पर कार्य प्राथमिकता से किया जाए। अतिक्रमण के मामले में चर्चा कर प्रकरण सुलझाने का प्रयास होना चाहिए। लंबित टैक्स के मामले में पेनल्टी वसूलनी चाहिए। भवन निर्माण के मामलों में नियमित जांच होनी चाहिए, जहां कहीं भी गड़बड़ी मिले, तत्काल कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के विचारों को भी सम्मान मिलना चाहिए।

# नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ, 27 जून तक चलेगा शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में मंगलवार से नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। शाला प्रवेशोत्सव के अंतर्गत नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालयों में पहले ही दिन से राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना एवं गुरुमंत्र के साथ शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुआत हुई।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित नई दिनचर्या के अनुसार अब प्रदेश के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रगान के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं नैतिक गतिविधियां शामिल होंगी। वहीं मध्यान्ह भोजन से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से भोजन मंत्र का उच्चारण किया जाएगा तथा विद्यालय की छुट्टी के समय राज्यगीत, गायत्री मंत्र और शांति मंत्र का सामूहिक वाचन कराया जाएगा। नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया जा रहा है । इसके साथ ही विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि तथा उन्हें विद्यालयों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 27 जून तक 12 दिवसीय शाला प्रवेशोत्सव अभियान संचालित किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि विद्यालयों में सामूहिक रूप से मंत्रोच्चार, प्रार्थना एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होगा। इससे बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित होगी। 2026-27 से प्रदेश के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक विकास को ध्यान में रखते हुए लागू की गई नई व्यवस्था अत्यंत सराहनीय है।

## योजनाओं का लाभ दिलाने 20 जून तक किया जाएगा पंजीयन

# केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे विश्वास के विकास के, जन कल्याण के अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

- अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार शिविर के सफल संचालन एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के रूप में उप आयुक्त मोहन साहू तथा सहायक नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद धवनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पात्र हितग्राहियों का किया जाएगा पंजीयन

शिविर में नागरिकों को विभिन्न हितग्राही मूलक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर मंच, विद्युत एवं साउंड सिस्टम, पेयजल एवं अल्पाहार, साफ-सफाई, प्रचार-प्रसार, कंप्यूटर व्यवस्था, पंजीयन काउंटर, स्वागत, अतिथि सत्कार तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। नगर निगम प्रशासन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग से संबंधित आवश्यक सामग्री, टेबल, कंप्यूटर एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि शिविर में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।




### केंद्र व राज्य से संचालित योजना का मिलेगा लाभ

शिविर में केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। इनमें आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा विभिन्न पेंशन योजनाएं शामिल हैं। शिविर में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी, पात्रता संबंधी मार्गदर्शन एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक नागरिक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

# गुरुनानक नगर में कचरे का अंबार, रहवासी परेशान

**दुर्ग।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए तैयारियां चल रही है। वाल राइटिंग कराई जा रही है। इस बीच वार्ड 24 गुरुनानक नगर में सफाई व्यवस्था की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक बनी हुई है। यहां करतार भवन के पीछे नगर निगम द्वारा पूरे वार्ड का कचरा डंप किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध का माहौल व्याप्त हो गया है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यह स्थान अब अस्थायी कचरा संग्रहण केंद्र में तब्दील हो चुका है, जहां प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कचरा जमा किया जा रहा है। कचरे के ढेर से उड़कर आसपास फैल रही गंदगी और उससे उठने वाली दुर्गंध के कारण क्षेत्रवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि करतार भवन के आसपास से गुजरना भी लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए भी बाध्य हो सकते हैं। बता दें कि आमदी नगर वार्ड में बम्लेश्वरी गार्डन के पास भी कचरा डंप किया जा रहा है। नालियों की नियमित सफाई भी नहीं हो रही है। आपत्ति करने पर सफाई कामगार और सुपरवाइजर का कहना रहता है कि जहां चाहे वहां शिकायत कर लो, सफाई उनके हिसाब से ही होगी। इसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। वार्ड पार्षद से शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।



# डिजिटल तकनीक के आम जनजीवन पर प्रभाव को विस्तार से बताया विशेषज्ञों ने

## सतत विकास और उभरती प्रौद्योगिकियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, कुम्हारी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी , रायपुर के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'इंटेलिजेंट सिस्टम्स एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज फॉर स्मार्ट सिटीज, हेल्थकेयर एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट (आईसीसी-2026)' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सम्मेलन को एडवांस्ड फ्यूचर टेक लैब्स, यूनाइटेड किंगडम का सह-प्रायोजन प्राप्त था।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई थे, जबकि प्रो. डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, निदेशक, आईआईआईटी वडोदरा विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आयोजन




प्रो. डॉ. शिव दयाल पाण्डेय, कुलपति, द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रायपुर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

अपने स्वागत उद्बोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) शिव दयाल पाण्डेय ने अनुसंधान संस्कृति को सुदृढ़ बनाने तथा अकादमिक जगत, उद्योग और समाज के मध्य सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजीव प्रकाश ने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के समाधान में बुद्धिमान तकनीकों, नवाचार एवं अनुसंधान -आधारित समाधानों की भूमिका को रेखांकित किया। प्रो. डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने उभरती डिजिटल तकनीकों तथा उनके शिक्षा, प्रशासन एवं उद्योग पर पड़ने वाले प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए।

दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें इंटेलिजेंट सिस्टम्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट सिटी एवं अर्बन इनोवेशन, हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी एवं बायोइन्फॉर्मेटिक्स, सस्टेनेबल डेवलपमेंट एवं ग्रीन टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा एवं डेटा प्राइवेसी, इंडस्ट्री 4.0 एवं स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग सहित अनेक विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। देश-विदेश के शोधकर्ताओं ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए, जिससे ज्ञान-विनिमय एवं शोध सहयोग के नए अवसर विकसित हुए। सम्मेलन में संध्या को विश्वविद्यालय द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक एवं संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया।

द्वितीय दिवस की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के मुख्य व्याख्यानों से हुई। डॉ. अबू सरवर जमानी, प्रिंस सत्तम बिन अब्दुलअज़ीज़ विश्वविद्यालय, सऊदी अरब ने उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में वर्तमान अनुसंधान प्रवृत्तियों एवं भविष्य की संभावनाओं पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात डॉ. मनोज कुमार, यूनिवर्सिटी ऑफ वोलोंगोंग, दुबई ने वैश्विक चुनौतियों के समाधान हेतु उन्नत इंजीनियरिंग एवं तकनीकी नवाचारों पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन का समापन 13 जून को हुआ। इस अवसर पर प्रो. डॉ. देवेन्द्र पाठक, प्रोफेसर एमेरिटस, फोर इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली मुख्य अतिथि तथा डॉ. मनवेन्द्र के. त्रिपाठी, एसोसिएट डीन (अनुसंधान एवं परामर्श), एनआईटी रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संयोजक दिलीप मिश्रा ने दो दिवसीय सम्मेलन की गतिविधियों, मुख्य व्याख्यानों, तकनीकी सत्रों एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र पाठक, डॉ. मनवेन्द्र के. त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। समापन डॉ. रमेश कुमार यादव, विभागाध्यक्ष, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं सम्मेलन संयोजक द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### सरपंच को धमकी भरा पत्र, पंचायत ने की कार्रवाई की मांग

**अंडा।** ग्राम पंचायत विनायकपुर में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा पंचायत भवन में धमकी भरा पत्र छोड़ने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत विनायकपुर ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग को लिखित शिकायत सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 मई को ग्राम पंचायत भवन के दरवाजे पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक पत्र छोड़ा गया था। पत्र में ग्राम पंचायत के सरपंच को जान से मारने की धमकी दी गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों में चिंता का माहौल है। ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार ने पुलिस अधीक्षक को भेजे गए आवेदन में बताया कि इस प्रकार की घटना से पंचायत के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है तथा जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पंचायत की ओर से पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस संबंध में आवेदन की प्रतिलिपि थाना प्रभारी अंडा को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है। अब ग्रामीणों की नजर पुलिस जांच पर टिकी हुई है।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने जनसंपर्क राशि वितरित की



**पाटन।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाटन ब्लॉक के पात्र हितग्राहियों को विधायक जनसंपर्क निधि से आर्थिक सहायता हेतु राशि के चेक प्रदान किए। उन्होंने अपनी जनसंपर्क निधि से पाटन ब्लॉक के जरूरतमंद लोगों को शिक्षा, इलाज, समिति को वेशभूषा, वाद्य यंत्र, खेल सामग्री के लिए 8.75 लाख रूपए की राशि प्रदान की। सभी ने एक स्वर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर पाटन विधानसभा प्रभारी आशीष वर्मा,जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, जवाहर वर्मा, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, जनपद सदस्य दिनेश साहू, आनंद बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन साहू, मंडल अध्यक्ष अजय सिंगौर,गोपाल देवांगन, सोहन जोशी, खिलेश मार्कण्डेय,कपूर, विपिन, पुरुषोत्तम कश्यप, सरजू साहू, लक्ष्मीनारायण पटेल सहित हितग्राही एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सेवा सहकारी समिति में किसानों से किया संवाद

# भूपेश ने किसानों को किया सावधान, धान के लिए एनपीके को बताया नुकसानदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/सेलूद

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तेलीगुंडरा, पाटन, फुंडा सेवा सहकारी समिति पहुंचकर किसानों से मुलाकात कर खरीफ फसल की तैयारी में आ रही दिक्कतों पर संवाद किया। उन्होंने किसानों को सजग एवं सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि डीएपी खाद की जगह महंगी एनपीके खाद दी जा रही है,जो धान की फसल के लिए भारी नुकसानदायक है।

यह खाद सब्जी एवं अन्य पत्तीदार पौधों के लिए है। किसानों ने खुद उनसे चर्चा कर एनपीके खाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाए, उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दे की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने के लिए किसान साथी एकजुट होकर लड़ेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया हमारी सरकार ने किसान,मजदूर,युवा,महिलाओं के सर्वांगीण विकास के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था

### पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की कृषि नीति पर किया पलटवार



को मजबूती प्रदान करने की दिशा में काम किया था लेकिन भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार अडानी,अंबानी को फायदा दिलाने में हमारे आदिवासी, किसान, मजदूर के हक में डाका डालकर जल,जंगल,जमीन को बेचने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा का नाटक करने वाली भाजपा गौठान योजना को बंद कर आम जनता के साथ अन्याय कर रही है। पशुधन सड़क पर दुर्घटनाओं के शिकार हो रही है।चारागाह एवं गौठान के माध्यम से महिलाएं स्वावलंबी बन रही थीं। किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने वाले भाजपा सरकार को बतलाना चाहता हूं कि हमने वर्मी खाद के माध्यम से इसकी शुरुआत पहले ही कर चुके थे।आज निरंतर जारी रहता तो किसानों को सुगम एवं सहज उपलब्ध हो सकता था।

पाटन क्षेत्र के कई ग्रामों में भाजपा के नुमाइंदों द्वारा नकली रासायनिक खाद खड़े ट्रकों को 1घंटे में बेचने की शिकायत मिल रही है,लेकिन शासन प्रशासन मौन बैठी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारियों से किसानों को परेशान न करने की हिदायत भी दी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मोहन साहू, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य दिनेश साहू, आनंद बघेल, पुरुषोत्तम कश्यप, सालिक साहू, कौशल साहू, मंडल अध्यक्ष गोपाल देवांगन, सोहन जोशी, खिलेश मार्कण्डेय, हेमंत देवांगन, सोहन बघेल, सरजू साहू, नीरज सोनी, लक्ष्मीनारायण पटेल, लीलाधर वर्मा, कमलकिशोर वर्मा, आभाष दुबे, महामंत्री डॉ हेमंत साहू, दिनेश साहू, मनीष पटेल, किशोर साहू, डॉ के के साहू, प्राधिकृत अधिकारी प्रेमलाल साहू, दादूराम साहू, उत्तम साहू, भगवान देवांगन आदि मौजूद थे।



### मुरुम से भरा अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, परिवार बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिले के हनोदा गांव में देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मुरुम से लदा एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक सड़क से सीधे एक मकान में जा घुसा। घटना रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, हादसे के समय घर के सभी सदस्य अंदर सो रहे थे। ट्रक पहले सड़क पर मौजूद एक कुत्ते को मारते हुए आगे बढ़ा और फिर घर की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। जोरदार टक्कर से मकान की दीवारों में दरारें पड़ गईं और घर को नुकसान पहुंचा।

घटना के दौरान परिवार के लोग किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल आए। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में देर रात तक अवैध मुरुम खनन और तेज रफ्तार भारी वाहनों की आवाजाही लगातार जारी रहती है, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार बड़ी अनहोनी टल गई, लेकिन यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में गंभीर हादसा हो सकता है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज




उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

### भिलाई में एसबी बाय एटी ज्वेलर्स का शुभारंभ कल से

**भिलाई।** मध्यभारत की प्रतिष्ठित ज्वेलरी संस्था अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स अपनी 69 वर्षों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए नेहरू नगर भिलाई में एसबी बाय एटी के नए प्रीमियम शोरूम का शुभारंभ 19, 20 और 21 जून को करने जा रही है। आधुनिक सुविधाओं और आकर्षक डिजाइनों से सुसज्जित यह शोरूम ग्राहकों को पारंपरिक और आधुनिक ज्वेलरी का अनूठा संगम उपलब्ध कराएगा। संस्था के चेयरमैन शांतिलाल बरडिया ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल आभूषणों की बिक्री नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ विश्वास और पारदर्शिता पर आधारित दीर्घकालिक संबंध स्थापित करना है। बदलती जीवनशैली और आधुनिक पसंद को ध्यान में रखते हुए इस नए शोरूम की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1957 में स्वर्गीय जसराज बरडिया द्वारा स्थापित संस्था ने गुणवत्ता, शुद्धता और उत्कृष्ट सेवा के आधार पर अपनी अलग पहचान बनाई है। यही कारण है कि आज तीसरी और चौथी पीढ़ी तक ग्राहक इस ब्रांड पर भरोसा




जता रहे हैं। शोरूम संचालक सौरभ बरडिया ने बताया कि एसबी बाय एटी को आधुनिक इंटीरियर और अंतरराष्ट्रीय स्तर की ज्वेलरी डिस्प्ले के साथ विकसित किया गया है। यहां ब्राइडल पोल्की, डायमंड, कुंदन, एंटीक, टेम्पल, गोल्ड और सिल्वर ज्वेलरी के नवीनतम डिजाइनों का विशेष संग्रह उपलब्ध रहेगा। साथ ही प्रत्येक आभूषण की शुद्धता और गुणवत्ता की गारंटी भी दी जाएगी।

### पार्किंसन से पीड़ित 73 वर्षीय बुजुर्ग का सफल हिप रिप्लेसमेंट

**दुर्ग।** पार्किंसन से पीड़ित 73 वर्षीय बुजुर्ग का सफल हिप रिप्लेसमेंट किया गया। आरोग्यम सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी कर मरीज को नई उम्मीद दी है। सर्जरी के महज 15 दिन बाद मरीज बिना किसी सहारे के चलने में सक्षम हो गए हैं। अस्पताल के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. जयेश कुमार सोनी एमएस ऑर्थोपेडिक्स और डॉ. अनुराग चंद्राकर एमएस ऑर्थोपेडिक्स की टीम ने आधुनिक तकनीक, सटीक सर्जिकल योजना और बेहतर पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल के साथ इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। विशेषज्ञों के अनुसार,



पार्किंसन रोग से पीड़ित मरीजों में हिप रिप्लेसमेंट के बाद रिकवरी अपेक्षाकृत चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। ऐसे में सर्जरी के साथ-साथ फिजियोथेरेपी और व्यवस्थित पुनर्वास की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लगातार चिकित्सकीय निगरानी और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के कारण मरीज की रिकवरी तेजी से हुई और ऑपरेशन के 2 सप्ताह के भीतर ही वे बिना सहारे चलने लगे। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि समय पर उपचार, अनुभवी सर्जनों की विशेषज्ञता और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के समन्वय से जटिल ऑर्थोपेडिक समस्याओं का भी सफल इलाज संभव है।

## संतश्री माताजी की निकली अंतिम यात्रा, श्रद्धालुओं ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम/अंडा

जय शक्ति आश्रम निकुम के संस्थापक संत श्री माताजी को बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने भावभीनी विदाई दी। वे बीते 20मई से रायपुर के निजी अस्पताल में ब्रेन स्ट्रोक के कारण गंभीर स्थिति में भर्ती थे? 16 जून को देर शाम उनका निधन हो गया। बुधवार को दोपहर 12 बजे जय शक्ति आश्रम निकुम से हजारों की संख्या में श्रीराम नाम धुन कीर्तन के साथ संत श्री माताजी की अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम संस्कार निकुम मुक्ति धाम में किया गया।

संतश्री माताजी के अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर, बालमुकुंद



देवांगन, दुर्ग जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, दाऊ बिरेन्द्र दिल्लीवार, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख,योगिता चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, कुलदीप देशमुख, मोहन भारदीय, नन्दकुमार साहू, गोपाल चक्रधारी, भूपेंद्र वर्मा, मुरली, रोशन लाल देशमुख, भूवन लाल देशमुख सरपंच आलबरस, भागवत पटेल सरपंच निकुम सहित आस पास के ग्रामीण जन हंजारो की संख्या में उपस्थित थे।

संतश्री माताजी ने अपने जीवनकाल में जय शक्ति आश्रम के माध्यम से धर्म, सेवा और मानव कल्याण के अनेक कार्य किए। उनके मार्गदर्शन में कई धार्मिक आयोजन, सेवा कार्य और जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित होते रहे। उनके निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। ग्राम पंचायत निकुम सरपंच भागवत पटेल ने बताया कि संत श्री माता जी का अस्थि संकलन व जय शक्ति आश्रम निकुम में समाधि भूमिपूजन होगा, वही 29 जून सोमवार को शांति भोज होगा।



### भरर स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**जामगांव आर।** ग्राम भरर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला कांन्फ्रेस हाल में बाल देवो भवः को चरितार्थ करते हुए मां सरस्वती की आराधना के साथ नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया। प्राथमिक पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक के छात्र छात्राओं का मुंह मीठा कराया गया और पुस्तक पेन शाला गणवेश वितरित किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरूण चन्द्राकर और पूर्व सरपंच छबि लाल साहू ने भी संबोधित किया। शाला प्रमुख प्राचार्य भारतीय राव, सरपंच कौशिल्या साहू सांसद प्रतिनिधि द्रोण चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि नारद चन्द्राकर,दिनेश नागरिया,महेन्द्र आदि मौजूद थे।

## सामान्य सभा में उठे विषय पर लिखित कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जनपद पंचायत पाटन की सामान्य सभा बैठक में विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं की समीक्षा की गई। अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने

■ बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सामान्य सभा में उठाए गए प्रत्येक प्रश्न, सुझाव, मांग एवं शिकायत पर अधिकतम 15 दिवस के भीतर लिखित कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिवेदन में विषय की वर्तमान




स्थिति, की गई कार्यवाही, लंबित होने के कारण तथा निराकरण की समय-सीमा का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाए।

श्रीमती कीर्ति नायक ने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभागों से प्राप्त प्रतिवेदनों का संकलन कर उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि जनपद पंचायत के सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी प्रत्येक सामान्य सभा की बैठक में प्रथम एजेंडा के रूप में पिछली बैठक में उठाए गए विषयों पर विभागवार की गई कार्यवाही की समीक्षा प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समय-सीमा में जानकारी प्रस्तुत नहीं करने अथवा अधूरी जानकारी देने वाले विभागों की जानकारी सक्षम प्राधिकारी को भेजी जाएगी। साथ ही बिना उचित कारण के किसी भी अधिकारी की बैठक से अनुपस्थिति स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि सामान्य सभा में उठाए गए प्रत्येक विषय पर विभागों द्वारा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी तथा उसकी जानकारी लिखित रूप में जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

## निधन

### साबिर अली

**भिलाई।** एमआईजी 1/792 निवासी व पूर्व संयंत्र कर्मी साबिर अली (62वर्ष) का इंतकाल हो गया है। उन्हें हैदरगंज कब्रिस्तान केम्प 1 में गुरुवार 18 जून की शाम 5 बजे सुपुर्दे खाक किया जाएगा । वे स्व. नासिर अली के पुत्र थे। वे अपने पीछे मां , दो भाई, दो बहन, पत्नी व 3 बच्चों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।






## खबर संक्षेप



### सिलिका रिडक्शन प्लांट का 20 लाख टन संचयी उत्पादन का आंकड़ा पार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तहत संचालित दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस के सिलिका रिडक्शन प्लांट (एसआरपी) ने 20 लाख टन संचयी उत्पादन किया। 23 जून 23 को सिलिका रिडक्शन प्लांट के उद्घाटन बाद इसका वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ। संयंत्र ने 7 मई 2025 को संचालन प्रारंभ होने के 563 दिनों के भीतर 10 लाख टन उत्पादन का आंकड़ा प्राप्त किया । इसके बाद अगले 10 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य मात्र 393 दिनों में हासिल किया गया सिलिका रिडक्शन प्लांट की स्थापना उच्च सिलिकायुक्त 1 एमएम से कम आकार के लौह अयस्क फाइंस के उन्नयन के लिए की गई है। यह अत्याधुनिक बेनीफिशिएशन तकनीक से सुसज्जित है। इसके माध्यम से लौह अयस्क में उपस्थित सिलिका की मात्रा को कम कर बीएसपी के लिए उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क उपलब्ध कराया जाता है। यह परियोजना सेल की उस रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके तहत निम्न श्रेणी के लौह अयस्क संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। छह दशक से अधिक पुराने दल्ली-राजहरा खदान क्षेत्र में लौह अयस्क की गुणवत्ता में क्रमिक कमी को देखते हुए 1 एमएम से कम आकार के लौह अयस्क फाइंस का बेनीफिशिएशन आवश्यक हो गया था। ताकि ब्लास्ट फर्नेस संचालन के लिए अपेक्षित गुणवत्ता का अयस्क उपलब्ध कराया जा सके।

# रावघाट रेल लाइन पर तकनीकी ट्रायल, जल्द शुरू हो सकेगी यात्री सेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दल्लीराजहरा- रावघाट रेल परियोजना में रावघाट रेलखंड पर नियंत्रित गति और सीमित भार के साथ तकनीकी ट्रायल प्रारंभ किया गया। इस रेलवे लाइन पर ट्रायल में 58 डिब्बों के रेक का उपयोग किया गया। यह ट्रायल आगे भी विभिन्न चरणों में जारी रहेगा और रेल लाइन की परिचालन क्षमता, संरचनात्मक सुरक्षा तथा तकनीकी मानकों का परीक्षण किया जाएगा।

95 किलोमीटर लंबी दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना को भिलाई इस्पात संयंत्र और भारतीय रेलवे के साझा प्रयासों से विकसित किया जा रहा है। वर्ष 2008 में हुए एमओयू के बाद शुरू हुई यह परियोजना केवल लौह अयस्क परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि बस्तर अंचल को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण पहल बन चुकी है। इस परियोजना में सेल द्वारा अब तक करीब 1800 करोड़ रुपये रेल लाइन निर्माण पर तथा रावघाट परियोजना के समग्र विकास पर 2000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। रेल लाइन निर्माण का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है।

## परियोजना पूरी हो जाने पर वनांचल का होगा विकास





### रावघाट स्टेशन का निर्माण प्रगति पर

वर्तमान में रावघाट स्टेशन भवन, यात्री सुविधाओं तथा सिग्नलिंग और दूरसंचार (एसएंडटी) से जुड़े कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जुलाई के अंत तक स्टेशन परिसर के शेष कार्य पूर्ण होने की संभावना है। बाद कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा निरीक्षण और सुरक्षा स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सीआरएस की स्वीकृति मिलने के बाद इस रेलखंड पर यात्री ट्रेन संचालन का मार्ग भी प्रशस्त हो जाएगा। वर्ष 2022 में दल्लीराजहरा से तारोकी तक यात्री ट्रेन सेवा शुरू होने से क्षेत्र में लोगों को सुविधाएं मिल रही हैं।

## निजी हाथों में देने पर संयुक्त यूनियन करेगा आंदोलन

# सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण से हजारों बीएसपी कर्मियों व परिवारों को होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र के निजीकरण के विरोध और सुविधाओं में सुधार के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन भिलाई ने निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम ज्ञापन सौंप इस अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर से चर्चा की। यूनियन ने कर्मचारी हित में अस्पताल के निजीकरण नहीं करने और सुविधाओं को अपडेट किए जाने की मांग की। संयुक्त ट्रेड यूनियन ने बताया कि सेक्टर 9 अस्पताल क भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों को वर्षों से उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता रहा है। एक समय यह अस्पताल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रमुख अस्पतालों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता था। लेकिन पिछल कुछ वर्षों में डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की कमी तथा आवश्यक संसाधनों के अभाव के कारण इसकी सुविधाओं में गिरावट आई है। इससे बीएसपी कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। अस्पताल के निजीकरण के लिए विभिन्न निजी कंपनियों से सर्वेक्षण और अन्य प्रक्रियाएं संचालित किए जाने का संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा लगातार पुरजोर विरोध किया जा रहा है। यूनियन के मुताबिक निजीकरण से कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों के हित प्रभावित होंगे तथा गुणवत्तापूर्ण और सुलभ चिकित्सा सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### डाक्टरों, पैरामेडिकल व संसाधनों की कमी से सुविधाओं में गिरावट



### यह हैं मांगें, मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चर्चा

सेक्टर-9 अस्पताल के निजीकरण से संबंधित सभी प्रक्रियाएं तत्काल प्रभाव से बंद की जाएं। डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों व तकनीकी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए। अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को पूर्ववत गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं। अस्पताल को और अधिक सशक्त एवं उन्नत बनाने हेतु आवश्यक निवेश किया जाए।

### फिर मिला आश्वासन

यूनियन नेताओं ने मांग की कि बीएसपी कर्मचारियों और उनके परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन अस्पताल का निजीकरण न करे। संयुक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन करने के लिए मजूबूर होगी। चर्चा के दौरान डां. कौशलेंद्र ठाकुर ने आश्वस्त किया की संयुक यूनियन की मांगों एवं ज्ञापन को उच्च प्रबंधन को अवगत कराया जाएगा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए उच्च प्रबंधन से बैठक कर निराकरण किया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान इंटक, सीटू एटक, एचएमएस एक्टू, लोईमू ,स्टील वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोहलत दी पर नहीं हटाया कब्जा, दोबारा हुई कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जोन-4 शिवाजी नगर क्षेत्र के नंदिनी रोड स्थित ग्रुप-ए भूखंड क्रमांक-2 के पूर्व दिशा में किए गए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा संरचना के विध्वंस संबंधी पारित आदेश के पालन में की गई। जानकारी के अनुसार उक्त स्थल पर उत्पल घोष द्वारा आवागमन बाधित कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। निगम प्रशासन ने 11 जून को बेदखली की कार्रवाई शुरू की थी, लेकिन उस दौरान कब्जाधारी द्वारा स्वयं अवैध निर्माण हटाने के लिए 24 घंटे का अतिरिक्त समय मांगा गया। मांग को देखते हुए निगम ने कार्रवाई स्थगित कर दी थी। हालांकि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। बुधवार 17 जून को निगम प्रशासन ने दोबारा सख्त कार्रवाई करते हुए जोन-4 राजस्व विभाग, बेदखली दल और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटाया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों एवं शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

■ नंदिनी नगर रोड पर उत्पल घोष के यहां कार्रवाई

# जैविक व प्राकृतिक खेती आवश्यक : मंत्री गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



कृषि विभाग, जिला दुर्ग द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत "खेत बचाओ अभियान" के तहत आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी एवं जैविक खेती जागरूकता कार्यक्रम विकासखंड धमधा के ग्राम जोगीगुफा (लिटिया) में संपन्न हुआ। इस वृहद आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के कृषकों को प्राकृतिक और जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, रायायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग संबंधी जानकारियों तथा आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। आयोजित कार्यक्रम में जिले के लगभग 12 सौ किसानों की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही।

किसान मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, साजा विधायक ईश्वर साहू की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड, सरस्वती बंजारे जिला पंचायत अध्यक्ष, पवन शर्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष, लिमन साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा, नीलम राजेश चंद्राकर सभापति कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत, जितेन्द्र यादव सदस्य जिला पंचायत एवं धमधा कृषि समिति की सभापति सतरूपा पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

■ दुर्ग जिले में जैविक कृषि को बढ़ावा देने हेतु जिला स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

### नवाचार व वैज्ञानिक तकनीकी को अपनाएं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में टिकाऊ कृषि के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती अत्यंत आवश्यक है। कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी को एकीकृत रूप से अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से खेती में नवाचार एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने के साथ ही धान के स्थान पर अन्य दलहन, तिलहन फसल हेतु शासन द्वारा कृषक हित में 15,000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है जिसे अधिकाधिक कृषकों को योजना का लाभ लेने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा 5 जैविक खेती एवं बीज उत्पादन से संबंधित कृषकों, 5 किसान मित्रों एवं 2 जैविक उत्पादक महिला समूहों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा 20 कृषकों को उड़द तथा 50 कृषकों को अरहर के उन्नत किस्म का बीज मिनीकिट वितरण किया गया।

### किसानों को प्रेरित करने लगाई प्रदर्शनी

कृषि विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों में जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, नील हरित काई (ब्लू ग्रीन एल्गी), हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, उन्नत कृषि यंत्र तथा उन्नत कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि रसायनिक खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाकर उत्पादन लागत कम की जा सकती है तथा भूमि की उर्वरा शक्ति को लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है। रासायनिक उर्वरक डी.ए.पी के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के संबंध में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। किसानों को जैविक खाद निर्माण, जीवामृत, घनजीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट तथा अन्य प्राकृतिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। साथ ही रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी एवं मिट्टी परीक्षण के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### पशुपालन व डेयरी विकास की दी जानकारी

मेले में पशुधन विकास विभाग द्वारा उन्नत पशुपालन एवं डेयरी विकास, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन आधारित आय संवर्धन तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा फल, सब्जी एवं मसाला फसलों की उन्नत खेती संबंधी जानकारी प्रदान की गई। विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं अनुदान सुविधाओं की जानकारी भी कृषकों को उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक, कृषि वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। किसानों ने कृषि प्रदर्शनी एवं तकनीकी सत्रों में विशेष रुचि दिखाई तथा विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

# आयुक्त ने किया मदर टेरेसा नगर के विकास कार्य व शौचालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आकांक्षी शौचालय, सार्वजनिक शौचालय, पुल निर्माण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

साथ ही अवैध निर्माण और सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

### पावर हाउस फल मंडी क्षेत्र का लिया जायजा, सफाई के निर्देश

आयुक्त ने पावर हाउस छावनी थाना के सामने स्थित लाल मैदान का निरीक्षण किया और आवश्यक सुझाव दिये। इसके बाद फल मंडी क्षेत्र में पूर्व से निर्मित शौचालय की स्थिति का जायजा लेते हुए साफ-सफाई बनाए रखने, नलों में टोटी लगाने तथा पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए। शौचालय परिसर के समीप नव निर्मित भवन का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जवाहर मार्केट में नागरिकों और व्यापारियों की सुविधा के लिए बनाए गए सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने कहा गया। वहीं टाटा लाइन रोड के समीप नाली पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

### नालियों पर लोगों ने बना दिया है स्लैब साफ-सफाई के लिए हो रही दिक्कत

आयुक्त ने सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रखकर यातायात बाधित करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा वार्डों में नालियों के ऊपर स्लैब डालकर किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए ऐसे सभी स्लैब हटाने और तोड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नालियों पर स्लैब होने से सफाई कार्य प्रभावित होता है और जल निकासी व्यवस्था बाधित होती है। सूर्या नगर कैम्प-2 में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय तथा वार्ड-36 श्याम नगर स्थित महिला शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने दोनों स्थलों पर कार्यों को शीघ्र पूरा करने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि त्रिलोचन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुक्त करवा रही है सोक पिट का भी सत्यापन

# रिसाली निगम में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम का सर्वे, बंद मिलने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

रिसाली निगम ने आवासों और व्यावसायिक परिसरों में बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सर्वे शुरू करवाया है। वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या फिर कंडम होने पर नगर पालिक निगम रिसाली प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेगा। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा न केवल टीम का गठन की है, बल्कि सूची के आधार पर जल संरक्षरण के लिए बनाए सोक पिट का सत्यापन भी करा रही है।

■ समझाइश के बाद भी ध्यान नहीं देने पर होगी कार्रवाई

### जलसंरक्षण की दिशा में ये पहल

नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्धारित माप दण्डों पर तैयार वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सत्यापन करने का निर्देश दी है। आयुक्त ने बताया कि वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या फिर कंडम मिलने पर नियमानुसार वे कार्रवाई भी करेंगी। उन्होंने ने बताया कि वर्तमान समय में शासन लगातार जल संरक्षण को लेकर गंभीर है। शासन के निर्देश पर ही पूरे क्षेत्र में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच की जा रही है। भवन निर्माण के समय सशर्त दी गई अनुज्ञप्ति के अनुसार जल संरक्षण के लिए कदम उठाया जाना निर्धारित है। अगर किसी प्रकार की कोताही बर्ती गई तो पहले समझाइश दी जाएगी अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि घर अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थल पर बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बारिश के पूर्व सभी संधारित कर लें।

### इसलिए है यह जरूरी



वर्तमान समय में भूमिगत जल स्रोत लगातार गिरते जा रहा है। पेयजल अथवा निस्तारी के लिए पानी की आपूर्ति करना एक चुनौति के रूप में सामने खड़ा हुआ है। यही वजह है कि आने वाले समय में पेयजल बाधित न हो इसके लिए बारिश के पानी को संरक्षित कर भूमिगत जल के स्रोत को बढ़ाने देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत घर अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक जगहों पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।

### बारिश के पूर्व करें सफाई

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि नागरिकों द्वारा बनाए घरों अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सफाई कर उसे चालू करना बेहद आसान है। उन्होने ने बताया कि आमतौर पर दो स्तर पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया गया है। पहला बारिश के पानी को सीधे तौर पर बोर अथवा कुंआ में डालकर संरक्षित किया जाता है। वहीं दूसरी पद्धति में बारिश के पानी को भूमिगत करने सिस्टम तैयार किया जाता है। इस प्रणाली में मिट्टी, गिट्टी, रेत व चारकोल का उपयोग किया जाता है। छः माह से अधिक समय होने पर नागरिक चारकोल के ऊपर बिछाए जाली को पहले साफ करे, इसके बाद बारिश के पानी को सिस्टम तक लाने बिछाए गए पाइप लाइन सफाई कर उपरी सतह पर जमे मिट्टी को हटा दे। इससे सिस्टम बारिश में अच्छे से काम करता है।

# टाउनशिप में झाड़ियों की नहीं हुई छंटाई, बिजली होती है गुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मानसून की आहट के बाद भी टाउनशिप के रिहायशी इलाकों में सड़कों के किनारे बिजली खंभों से लगी पेड़ों की झाड़ियों की छंटाई नहीं होने से आए दिन बिजली गुल हो रही है। इसके कारण क्षेत्रवासियों को भार परेशानी हो रही है। बुधवार को शाम अंधड़ के दौरान स्पार्किंग से सेक्टर के एक हिस्से सहित कई इलाकों में बिजली गुल रही है। यूनियनों ने बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग से अभियान चलाकर पेड़ों की झाड़ियों की छंटाई की है। टाउनशिप में जाती गर्मी तक बिजली गुल की समस्या से परेशान रहवासियों की यह समस्या अब वर्षा के मौसम में भी जारी रह सकती है। इसकी वजह सभी सेक्टरों में कुछ प्रमुख सड़कों को छोड़कर बारिश पूर्व बिजली खंभों के तारों के निकट झूलती घने पेड़ों की छंटाई नहीं किया जाना है। इस कारण पिछले हफ्ते भर से तेज हवा अंधड़ आने पर झाड़ियां तारों से टकराने से लाइट हो जा रही है। सेक्टर 6 बी मार्केट निकट तारों पर झाड़ियों के टकराने से स्पार्किंग होने से बिजली गुल हो गई। सेक्टर 8 ब्रिज के निकट भी इसके चलते बिजली चली गई। टाउनशिप झाड़ियों के टकराने से स्पार्किंग के कारण बिजली गुल होना एक बड़ा कारण है। यूनियनों के मुताबिक पंद्रह बीस साल पहले टाउनशिप में नगर सेवाएं विभाग द्वारा गाजर घास उखाड़ने के काम की तरह बारिश पूर्व झाड़ियों की कटाई के लिए अभियान चलाया जाता था। लेकिन अब खानापूर्ति होती है।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02

बीती बातों से जूझने के बजाए बुजुर्ग...

लाइव इवेंट

## कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून तक




**भिलाई।** सशस्त्र सीमा बल में कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जो उम्मीदवार कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। बता दें, एसएसबी में कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर भर्ती ऑफलाइन माध्यम में की जाएगी। कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है। कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर कुल 50 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसमें जनरल केटेगरी के उम्मीदवारों के लिए कुल 38 पद, एससी के लिए कुल 8 पद और एसटी के लिए कुल 4 पद आरक्षित किए गए हैं।

### ये अभ्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

एसएसबी में कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके साथ ही उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एसएसबी में कॉन्स्टेबल जीडी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को 1 जनवरी, 2026 तक एसएसबी में न्यूनतम 3 वर्षों का कार्यानुभव होना चाहिए।

### इस तरह होगा चयन

उम्मीदवारों का चयन फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट, फिजिकल एन्ड्योरेंस टेस्ट, लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन, विस्तृत चिकित्सा परीक्षण, समीक्षा चिकित्सा परीक्षण के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों से 100 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में उम्मीदवारों से सामान्य जागरूकता, गणित, एनालिटिकल एप्टीट्यूड आदि विषयों से सवाल पूछे जाएंगे। इस परीक्षा में पास होने के लिए जनरल उम्मीदवारों को 35 प्रतिशत अंक और एससी एवं एसटी व ओबीसी उम्मीदवारों को 33 प्रतिशत अंत प्राप्त करना अनिवार्य है।

मॉक टेस्ट डिस्कशन बना सफलता की कुंजी, थ्योरी नहीं, अब प्रैक्टिस पर जोर, 50% स्टूडेंट्स पहुंच रहे क्लास

# री-नीट एग्जाम में सफल होने मॉक टेस्ट डिस्कशन से खुद को तैयार कर रहे स्टूडेंट्स, एक्सपर्ट बढ़ा रहे उनका हौसला

**भिलाई। री-नीट परीक्षा में सफलता के लिए मॉक टेस्ट केवल अभ्यास नहीं, बल्कि स्टूडेंट्स की कमियों को सुधारने का सबसे बेहतर माध्यम है। यह परीक्षार्थियों को वास्तविक परीक्षा का माहौल, समय प्रबंधन और कठिन प्रश्नों से निपटने का सही तरीका सिखाता है। चूंकि अब री-नीट एग्जाम के लिए थ्योरी रिवीजन का समय नहीं है, ऐसे में एक्सपर्ट परीक्षार्थियों को क्लास में मॉक टेस्ट डिस्कशन से सटीक तैयारी करा रहे हैं। री-नीट परीक्षा की परीक्षा के लिए भिलाई-दुर्ग के कोचिंग संस्थान और विशेषज्ञ शिक्षक एक्शन मोड में हैं। 21 जून को होने वाली री-नीट परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स को मानसिक और शैक्षणिक रूप से रिचार्ज करने का काम शुरू हो चुका है। क्लासरूम से लेकर वॉट्सएप ग्रुप तक, हर स्तर पर तैयारी पर जोर दिया जा रहा है।**



### मॉक टेस्ट डिस्कशन, कमियों को सुधारने का सबसे बेहतर माध्यम



गोल एकेडमी के डायरेक्टर रंजीत सिंह का मानना है कि री-नीट में सफलता के लिए मॉक टेस्ट केवल अभ्यास नहीं, बल्कि स्टूडेंट्स की कमियों को सुधारने का सबसे बेहतर माध्यम है। यह परीक्षार्थियों को वास्तविक परीक्षा का माहौल, समय प्रबंधन और कठिन प्रश्नों से निपटने का सही तरीका सिखाता है। चूंकि अब थ्योरी रिवीजन का समय नहीं है, ऐसे में कोचिंग क्लासेस में मॉक टेस्ट डिस्कशन से सटीक तैयारी कराई जा रही है।कोचिंग संचालक ने बताया कि दोबारा एग्जाम देने को लेकर परीक्षार्थियों में भारी मानसिक दबाव देखने को मिला है। री-नीट एग्जाम की तैयारी के लिए फिलहाल 50 प्रतिशत स्टूडेंट्स ही क्लास पहुंच रहे हैं। जो स्टूडेंट्स कोचिंग नहीं आ पा रहे, उनसे वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से जुड़कर उनका मनोबल बढ़ाया जा रहा है।

### पिछली गलतियों को सुधार कर सिखा रहे समय प्रबंधन....

फिजिक्स एक्सपर्ट ने बताया कि री-नीट में भाग ले रहे स्टूडेंट्स को कोचिंग क्लास में लगातार टेस्ट के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। इस दौरान स्टूडेंट्स को हर परीक्षा के लिए स्वयं को तैयार रहने की सीख दी जा रही है। परीक्षा हॉल में समय का ध्यान रखने और विषयवार टॉपिक्स पर फोकस करना बताया जा रहा है। समय प्रबंधन के लिए जीव विज्ञान को 40-45 मिनट, रसायन विज्ञान को 45-50 मिनट और भौतिकी के लिए 60 मिनट तक का समय निर्धारित करने की सलाह दी जा रही है। कोचिंग में टेस्ट का समय और पैटर्न बिल्कुल नीट जैसा फॉलो कराया जा रहा है ताकि पिछली परीक्षा में हुई गलतियों को दूर किया जा सके।

### स्टूडेंट्स बोले- टफ पेपर के लिए भी तैयार

री-नीट की तैयारी कर रहीं अदिती कश्यप ने बताया कि वे 11वीं कक्षा से नीट परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। हाल ही का पर्चा अच्छा गया था। अब री-नीट एग्जाम देना पड़ रहा है। री-एग्जाम टफ होने की संभावना को देखते हुए कोचिंग क्लास में मॉक टेस्ट के माध्यम से तैयारी कर रही हूं। विशेषज्ञ टीचर इस परिस्थिति में बिना मानसिक दबाव के बेहतर प्रदर्शन के टिप्स बता रहे हैं।




### 21 जून को दोपहर 2 बजे से परीक्षा

गौरतलब है कि एनटीए द्वारा रद्द की गई नीट परीक्षा का दोबारा आयोजन अब 21 जून को किया जाएगा। 3 मई को हुई परीक्षा में पेपर लीक होने की घटना के बाद इसे रद्द कर दिया गया था। री-नीट परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक निर्धारित है। स्टूडेंट्स और टीचर्स दोनों का मानना है कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। यह दूसरा मौका है खुद को साबित करने का।



लाइव इवेंट

## मीठी वाणी से बदलता है जीवन कहा - धैर्य ही धर्म का लक्षण



**भिलाई।** वैदिक चेतना महोत्सव के अंतर्गत आयोजित आध्यात्मिक सभा में अंतरराष्ट्रीय वेद कथाकार आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री एवं आचार्य डॉ. अजय आर्य ने वैदिक जीवन-दर्शन, भक्ति और मानवीय मूल्यों पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने वैदिक प्रवचनों का श्रवण किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के समाज सेवियों एवं वैदिक विचारधारा के प्रचार-प्रसार करने वाले 9 विभूतियों को सम्मानित किया गया। हेमा सक्सेना को सेवा कार्यों के लिए सेवा गौरव सम्मान दिया गया। वैदिक मूल्यों, यज्ञ और समाजोत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राजेंद्र कुमार अग्रवाल अग्निहोत्री, अजय साहू, प्रताप पोपटानी, मंजू आश्वल्या, मधु बहादुर सिंह, रवि डडसेना, शिशिर हलधर, देवेश साहू तथा संजय शर्मा को भी सम्मानित किया गया। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि जिसके पास पेशेंस नहीं, वह पेशेंट बन जाता है। धैर्य ही धर्म का प्रमुख लक्षण है। मोबाइल के कारण बच्चों में बढ़ती आक्रामकता पर चिंता जताते हुए उन्होंने संस्कार और सत्संग को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि भाग्यशाली वह है जिसे भोजन के साथ भूख, बिस्तर के साथ नींद और धन के साथ धर्म मिले। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जीवन बदलना है तो मीठा बोलिए। ऋग्वेद का मंत्र मधुरता का संदेश देता है। धन को वेदों में वसु कहा गया है, जो जीवन बसाने वाला हो। अधर्म का धन विनाश करता है। गुरु नानक देव का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि मृत्यु के बाद शरीर भी साथ नहीं जाता, फिर धन की अहंता क्यों। कार्यक्रम के समापन पर शिव अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। महेश वर्मा, मालती वर्मा, नवीन वर्मा, सोमी वर्मा, नरेश वर्मा धुरंधर, कल्याणी वर्मा, प्रज्ञा, प्राची, मैकू वर्मा, लेकेश्वर विश्वकर्मा, पतिराम साहू, लक्ष्मण प्रसाद साहू, राजेंद्र अग्रवाल, राकेश दुबे, कृष्ण कुमार अग्रवाल, मधु त्रेहन, शैलेंद्र गिरी, डी एन शुक्ला, टकेश्वर साहू और ऋचा उपस्थित थे।




## किसी अनजान की जिंदगी बचाने के लिए हमेशा रहते हैं आगे, हुए सम्मानित

**भिलाई।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कर्मा भवन सुपेला में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर और सम्मान समारोह में निस्वार्थ सेवा भाव समिति व श्री साईनाथ जनसेवा समिति का सम्मान किया गया। सांसद विजय बघेल ने इन समितियों का सम्मान करते हुए इनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की।

निस्वार्थ सेवा भाव समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार और जेडी खान सहित अन्य सदस्यों ने सांसद बघेल से यह सम्मान प्राप्त किया। इस दौरान श्री साईं नाथ जन सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष जी. माधव राव एवं सलाहकार वाय. राजेंद्र राव ने प्राप्त किया।

इन संस्थाओं को समाज सेवा एवं निस्वार्थ जनकल्याणकारी कार्यों के लिए विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। निस्वार्थ सेवा भाव समिति के जेडी खान ने सम्मान के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान समिति के लिए गर्व का अवसर है। इससे मानव सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। जेडी खान ने कहा कि यह सम्मान केवल समिति का नहीं, बल्कि उन सभी रक्तदाताओं और सेवाभावी साथियों का है, जो किसी




अनजान की जिंदगी बचाने के लिए हमेशा आगे रहते हैं।

श्री साईं नाथ जन सेवा समिति के अध्यक्ष जी. माधव राव ने बताया कि उनकी संस्था निरंतर समाज हित में विभिन्न सेवा कार्यों के साथ-साथ रक्तदान के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही है तथा आम जनमानस को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का अभियान निरंतर चला रही है। श्री राव ने इस सम्मान के लिए रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष सूरज साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 21 को रचनाकार होंगे आरंभ काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित

**भिलाई।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के तत्वावधान में 21 जून को सुबह 10.30 बजे से भिलाई निवास के इंडियन कॉफी हाउस के सभागार में सातवीं सांगठनिक बैठक एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में स्वयंसिद्धा की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सोनाली चक्रवर्ती मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में होंगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष आरंभ के मुख्य सलाहकार आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा एवं सांगठनिक बैठक की अध्यक्षता संस्था के मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा करेंगे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष कवि त्रयम्बक राव साटकर होंगे। मुख्य संचालिका के महासचिव नूरुस्सबाह खान सबा, काव्य पाठ का संचालन संस्था की उपाध्यक्षा दीप्ति श्रीवास्तव और आभार व्यक्त संस्था के आजीवन संस्थापक सदस्य-कवि ब्रजेश मल्लिक करेंगे।

प्रारंभ में अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य स्वागत उद्बोधन एवं संस्थापक आजीवन सदस्य ठाकुर दशरथ सिंह भुवाल सोनपांडर आयोजकीय वक्तव्य देंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आरंभ के प्रवक्ता जाविद हसन ने बताया कि इस अवसर पर नए बने सामान्य एवं आजीवन सदस्यों को संस्था की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। काव्य पाठ करने वाले समस्त रचनाकारों को आरंभ काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

महाराजा दाहिर सेन का 1314वां बलिदान दिवस भिलाई में मनाया, देशहित का लिया संकल्प

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सिंध की सीमाओं के रक्षक और भारत पर पहले अरब आक्रमण को रोकने वाले वीर महाराजा दाहिर सेन लोधी का 1314वां बलिदान दिवस आदर्श सिंध ब्रादर मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई ने श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया। चंड्र दिवस के अवसर पर साईं झूलेलाल धाम, 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड में शाम 5 बजे से 6 बजे तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत साईं झूलेलाल की आरती, अरदास एवं पल्लव के साथ हुई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने साईं झूलेलाल जी से विश्व आरोग्य की अरदास की। समापन पर महाराजा दाहिर सेन की जीवनी पर प्रकाश डालकर उनके समर्पण की भांति राष्ट्र हित हेतु प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया। अंत में उपस्थित महिलाओं व पुरुषों सहित शामिल न हो पाने वाले सदस्यों ने भी यथास्थान दो मिनट मौन होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जीवनकाल में कभी नहीं हारे थे दाहिर सेन

समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी ने अपने उद्बोधन में बताया कि राजा

## आरती और अरदास कर विश्व आरोग्य की कामना के साथ दी मौन श्रद्धांजलि, सिंध के अंतिम हिंदू राजा थे दाहिर सेन



दाहिर सेन लोधी सिंध के अंतिम हिंदू राजा थे। उनका शासनकाल 663 से 712 ईसवी तक रहा। उन्होंने सिंध प्रांत को बहुत मजबूत बनाया था। सन 712 में अरबों ने सर्वप्रथम भारत यानी सिंध पर आक्रमण किया। खलीफा ने मोहम्मद साहब के वारिस को मारने हेतु जनरल हज्जाज को भेजा, जिसे राजा दाहिर सेन ने मारकर भगा दिया। बाद में मोहम्मद बिन कासिम को भेजा गया। कासिम ने राजा के एक सिपहसालार को राजगद्दी का ख्वाब दिखाकर गद्दारी कराई और पहली बार राजा को हराया। 16 जून 712 को सिंधु नदी के किनारे उन्होंने बलिदान दे दिया। डॉ कृष्णानी ने बताया कि मोहम्मद साहब के पारिवारिक हुसैन इब्न अली और अन्य ने इनसे शरण मांगी थी, जिन्हें राजा ने शरण दी। डॉ कृष्णानी ने कहा कि समाज की एकता एवं देशभक्ति की भावना व अखंडता को कायम रखने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। राजा दाहिर सेन अपने जीवनकाल में कभी नहीं हारे थे। इस अवसर पर डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी के साथ अनिल थारवानी, कमल हेमनानी, अमृत कृष्णानी, अंजली कृष्णानी, माया पंजवानी, रानी छाबड़िया, दीपा धनकानी, कांता तलरेजा, पूजा तेजवानी सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

# वर्तमान समय में जीएसटी अपील और लिटिगेशन का बताया महत्व



**भिलाई।** आईसीएआई भिलाई शाखा द्वारा जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन आईसीएआई भवन भिलाई में किया गया। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। मीडिया प्रभारी शंकर सचदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि

कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के अध्यक्ष सीए सुखदेव राठी द्वारा स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने वर्तमान समय में जीएसटी अपील और लिटिगेशन की समझ के महत्व पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञ सीए रमनदीप सिंह भाटिया और सीए नवनीत गर्ग ने जीएसटी सर्च एवं सीज़र, ऑडिट, डॉक्यूमेंटेशन तथा जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल में अपील दाखिल करने के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उनके सत्र ज्ञानवर्धक एवं अत्यंत उपयोगी रहे। कार्यक्रम के अंत में शाखा के कोषाध्यक्ष सीए प्रभजीत सिंह जग्गी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में शाखा की प्रबंध समिति के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें अध्यक्ष सीए सुखदेव राठी, उपाध्यक्ष सीए दिलीप कुमार जैन, सचिव सीए प्रतीक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए प्रभजीत सिंह जग्गी, सीआईसीएएसए चेयरमैन सीए तलविंदर सिंह सैनी, सीए राजेश कुमार बाफना कार्यकारी सदस्य शामिल रहे। आईसीएआई भिलाई शाखा सदस्यों के निरंतर व्यावसायिक विकास के लिए ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रहे है जिससे इस फील्ड से जुड़े लोगो को फायदा मिल रहा है।

## समाज लाइव

# 27 को भिलाई पहुंचेंगे सोनू, समाजसेवा के लिए युवाओं को करेंगे प्रेरित



**भिलाई।** समाजसेवा क्षेत्र में सक्रिय सोनू सूद चैरिटी क्लब भिलाई द्वारा एसएससीसी एनुवल मीट का आयोजन 27 जून को भिलाई में किया जाएगा। इसमें बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

क्लब की हेड दीक्षा नागदेवे ने बताया कि यह आयोजन सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि क्लब पिछले दो वर्षों से दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में जरूरतमंद और वंचित लोगों की सहायता के लिए विभिन्न सामाजिक गतिविधियां संचालित कर रहा है। उन्होंने बताया कि क्लब, सोनू सूद के नेतृत्व वाली सूद चैरिटी फाउंडेशन की प्रेरणा से कार्य कर रहा है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न पहलें चला रहा है। वार्षिक सम्मेलन के माध्यम से युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सेवा भावना रखने वाले नागरिकों को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। आयोजन के दौरान सोनू सूद युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित करेंगे तथा सामाजिक बदलाव में सहभागिता का संदेश देंगे। कार्यक्रम के तहत नागसेन हायर सेकेंडरी स्कूल के विशेष दौरे का भी प्रस्ताव है, जो सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों का हिस्सा होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब की 60 से अधिक सदस्यों की टीम तैयारियों में जुटी हुई है। क्लब के सदस्यों में जिलेश चावड़ा, गुरजीत सिंह, गिरीश खपर्डे, एलबी वर्मा, डिंपल चावला, दीपक भारता, तुषार चव्हाण, रविंद्र देवांगन, चेतन चव्हाण, सनोज चौधरी, दीपक जैन, जगतेश्वर दुबे और विकास जायसवाल प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## समाज इवेंट

# फलदार और छायादार पौधे रोपकर संरक्षण करने का लिया संकल्प



**भिलाई।** रॉयल ग्रीन कॉलोनी के निवासियों द्वारा पर्यावरण का श्रृंगार करने और उसके संरक्षण के प्रति जागरुक करने कॉलोनी के अंदर फलदार पौधे आम, अमरूद, आंवला, निंबू, करौंदा, कदम और नीम सहित अन्य पौधों का रोपण किया गया। फलदार और छायादार पौधों को रोपकर पौधे का एक मां की तरह सेवा एवं बच्चों की तरह देखभाल पोषण करने की संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर अजय नायक ने यह कहा आज के ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए प्रति व्यक्ति एक पौधा को रोपण कर पूर्ण रूप से देखभाल करने की संकल्प लेना चाहिए एवं शासन प्रशासन को इस कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए अनिवार्य करना चाहिए, ताकि हमारा भारत भूमि चारों ओर से हरा भरा हो जाए साथ ही चारों मौसम बराबर होने से भूमि का जल स्तर बढ़ेगा। इस वृक्षारोपण अभियान में कॉलोनी के डॉक्टर भारत चावड़ा, मुकेश शर्मा, मुकेश यादव, रूपराम देवांगन, देवेंद्र मानिक, आकाश नायक, बेल चंदन सहित अन्य कॉलोनीवासी प्रमुख रुप से उपस्थित थे। सहयोग मिला

# पी.मुक्ता गुहामूर्ति को मिली पीएचडी की उपाधि



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा पी.मुक्ता गुहामूर्ति को पी-एच.डी की उपाधि प्रदान की गई है। शिक्षा विषय पर किए गए उनके शोध का विषय इंटरनेट गेम्स खेलने वाले किशारों के तनाव एवं आक्रामकता का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव था। उनके शोध निर्देशक अपोलो कॉलेज अंजोरा के प्राध्यापक डॉ.रजत जैन एवं सहशोध निर्देशक कल्याण महाविद्यालय भिलाई के सहायक प्राध्यापक डॉ.आरती मिश्रा थी। वे रेलवे स्टेशन मास्टर पी.कृष्णामूर्ति की पत्नी, दिवंगत एम.एस.गुहा व स्वपना गुहा की पुत्री एवं मृणालकांति गुहा, सुनीता बर्मन, दिशी मलिक साहू की बहन है।

## अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार निवारण दिवस पर जनजागरण समारोह का आयोजन

# बीती बातों से जूझने के बजाए बुजुर्ग नए विचारों को खुले मन से स्वीकारें, खुद को बदलते दौर के अनुरूप अपडेट रखें

**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक महासंघ भिलाई की प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार निवारण दिवस के अवसर पर जन जागरण समारोह का आयोजन सियान सदन, वार्ड- 15, शांति नगर भिलाई में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर अखिल भारतीय पंवार क्षत्रिय समाज भिलाई के अध्यक्ष नंदलाल चौधरी और सर्टिफाइड पैरेंटिंग कोच चिरंजीव जैन उपस्थित थे। वहीं आयोजन की अध्यक्षता पार्षद संतोष मौर्य ने की। आरंभ में अध्यक्ष गजानंद साहू महासचिव महेन्द्र कुमार सोनवानी और कोषाध्यक्ष राजेश कुमार पदमवार ने अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव श्री सोनवानी ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



### डिजिटल दौर में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में इस अवसर पर अखिल भारतीय पंवार क्षत्रिय समाज भिलाई के अध्यक्ष नंदलाल चौधरी ने कहा कि आज हम सब मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया की दुनिया में खो गए हैं। हम रील्स देखने में घंटों बिता देते हैं, लेकिन घर के बुजुर्गों के पास 5 मिनट बैठने का समय हमारे पास नहीं होता। आज के इस डिजिटल दौर में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार का रूप भी बदल गया है। उन्हें डिजिटल दुनिया से अलग-थलग छोड़ देना भी एक तरह का दुर्व्यवहार है। आजकल ठग हमारे भोले-भाले बुजुर्गों को फोन पर ओटीपी या बैंक के नाम पर ठग लेते हैं। यह भी उनके साथ एक बड़ा अपराध है। उन्होंने कहा कि आज से हम यह संकल्प लें कि रोज कम से कम 10 से 15 मिनट अपने घर के बुजुर्गों के साथ बैठेंगे। उनसे बातें करेंगे, उनके पुराने किस्से सुनेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि आपकी थोड़ी सी बातचीत इन बुजुर्गों का अकेलापन दूर कर देगी।



### बुजुर्गों को बदलते दौर के अनुरूप अपडेट रखें

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे वार्ड-15 के पार्षद संतोष मौर्य ने कहा कि जैसे हमारे बड़ों ने बचपन में हमें उंगली पकड़कर चलना सिखाया, वैसे ही आज हमारा फर्ज है कि हम अपने बुजुर्गों को बदलते दौर के अनुरूप अपडेट रखें। उन्हें हम स्मार्टफोन चलाना सिखाएं। उन्हें सिखाएं कि ऑनलाइन धोखाधड़ी से कैसे बचना है। हम अपने बुजुर्गों को पूरा आदर दें और उनकी सुरक्षा की पूरी गारंटी लें। इससे हम एक खुशहाल समाज बनाने में सहायक होंगे। अंत में आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

### बुजुर्ग हमारे परिवार की नींव

आयोजन में सर्टिफाइड पैरेंटिंग कोच चिरंजीव जैन ने कहा कि हमारे बुजुर्ग सिर्फ उम्र में बड़े नहीं, हमारे परिवार की नींव भी हैं। वे तजुर्बे का वो समंदर हैं, जिससे हमारा आज का जीवन संवरा है। लेकिन आज बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि बदलते वक्त में हमारे बुजुर्ग अकेले पड़ रहे हैं। कई जगहों पर उनके साथ दुर्व्यवहार, यानी गलत व्यवहार की खबरें आती हैं। श्री जैन ने कहा कि जिस तरह सांस लेना और भोजन करना स्वाभाविक प्रक्रिया है, ठीक उसी तरह नए विचार आना भी हमारे जीवन में सकारात्मकता का प्रतीक है। आज बुजुर्गों के लिए सबसे उत्तम अवस्था वही है कि हम विचारों को लेकर जूझते न रहें बल्कि नए विचारों को अपने मन मस्तिष्क में आने दें। हमें बीती बातों से उबरना होगा और शेष जीवन हमें धैर्यपूर्वक नए विचारों के साथ जीना होगा। श्री जैन ने कहा कि ज्यादातर वृद्धजनों की शिकायतें अपने बच्चों को लेकर होती है। इसमें हमें ध्यान देना होगा कि हमने अपने बच्चों को कैसी परवरिश दी है, वही हमें वापस मिल रहा है। इसलिए दोषारोपण करने के बजाए सकारात्मक रहना आज की पहली जरूरत है।

## प्रदेश स्तरीय रक्त अलंकरण सम्मान

# रक्त मितान और एनीमिया मुक्त बचपन योजना की घोषणा, आफताब सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ जिला दुर्ग के भिलाई में रक्तदाता दिवस के अवसर पर सेवक जन फाउंडेशन संस्था द्वारा 200 से अधिक सामाजिक संस्थाओं एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर जनसेवक आफताब आलम का भी रक्त अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, बीएसएफ आईजी संजय पंत, अध्यक्ष एन के बंछोर, पूर्व महासचिव परविंदर सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, भाजपा नेता मनीष पाण्डेय, सर्व समाज कल्याण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, पूर्व सीएसपी वीरेंद्र सतपथी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में सभी रक्तमित्र के द्वारा 192 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता के तहत 70 से अधिक लोगों की ब्लड शुगर जांच की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेवक जन फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई नई पहल रक्त मितान और एनीमिया मुक्त बचपन योजना की घोषणा की गई। इसके अंतर्गत जिलेवार वालंटियर्स एवं रक्तदाताओं की एक व्यवस्थित टीम की सूची तैयार की जाएगी, जिससे जरूरत के समय मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही संस्था द्वारा एनीमिया मुक्त बचपन योजना की शुरुआत भी की जा रही है। इस अभियान की शुरुआत सरकारी स्कूलों से की जाएगी, जिसमें बच्चों के रक्त की जांच कर उनके हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की जाएगी। जिन बच्चों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाएगी, उनकी आगे की आवश्यक जांच कराई जाएगी। यदि किसी बच्चे में रक्त संबंधी कोई समस्या पाया जाता है तो विशेषज्ञ टीम द्वारा एडवांस जांच के बाद नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार सप्लीमेंट उपलब्ध कराया जाएगा।

## राज्य बाक्सिंग चैंपियनशिप

# 17वीं सब जूनियर राज्य चैम्पियनशिप में जीते स्वर्ण, रजत सहित कई पदक



**भिलाई।** 17वीं सब जूनियर राज्य बॉक्सिंग चौम्पियनशिप का आयोजन हाउसिंग बोर्ड भिलाई में हुआ। इसमें मरोदा बॉक्सिंग क्लब भिलाई के 5 बच्चे शामिल होकर कई पदक जीते। विजेता खिलाड़ियों को सांसद विजय बघेल ने सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में प्रखर वर्मा 58-60 किग्रा रजत पदक, सीएच उमेश 46-49 किग्रा कांस्य पदक, दिव्यम खोबरागड़े 33-35 किग्रा स्वर्ण पदक, श्रद्धा मिश्रा 35-37 किग्रा स्वर्ण पदक, संध्या महानंद 40-43 किग्रा स्वर्ण पदक प्राप्त किए। साथ ही 23 से 29 जून तक आयोजित सब जूनियर नेशनल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर, पंजाब में दिव्यम खोबरागडे, श्रद्धा मिश्रा और संध्या महानंद का चयन होने पर सांसद विजय बघेल ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ सब जूनियर के चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर कोच व अन्य सपोर्टिंग स्टाफ मौजूद रहे, जिन्हे सांसद ने उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए बधाई दी।

## भिलाई आइडल 2026 के विजेताओं ने अपने सुमधुर गीतों से बांधा समां

# छूकर मेरे मन को... रिवर्स शैली में गाकर श्रोताओं की बटोरी तालियां, गीत और गजलों ने किया मंत्रमुग्ध

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स समूह एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में प्रगति भवन सिविक सेंटर में सांगीतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिलाई आइडल 2026 के विजेता प्रतिभागियों एवं सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स समूह के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिवर्स सिंगिंग शैली में प्रस्तुत गीत छूकर मेरे मन को गीत को श्रोताओं ने विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, परविंदर सिंह, राजेश धारकर और आयोजन समिति के संयोजक महेश कुमार विनोदिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।







### संगीत की महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस आयोजन में प्रतिभागियों ने सिद्ध कर दिया कि दुर्ग-भिलाई की सांगीतिक प्रतिभाएं किसी भी मंच पर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम हैं तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर जगजीत सिंह भाटिया, रामजी कोरी, शलोक गुजर, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी, कलाकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का फेसबुक लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसे ऑनलाइन दर्शकों ने भी खूब सराहा।

### भावपूर्ण ग़ज़लों से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

भिलाई के ग़ज़ल एवं भजन गायक परन राज भाटिया ने अपनी भावपूर्ण ग़ज़लों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब वाहवाही बटोरी। वहीं मीताली गुजर, चंचल देवांगन, तृप्ति साहू, वीना दीक्षित, सुनील कश्यप, सुनील परदेशी, शांताराम वानखेड़े, गिरीश चतुर्वेदी एवं प्रशांत दीक्षित ने अपनी एकल एवं युगल प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। दर्शक दीर्घा में उपस्थित ज्योत्स्ना जैन ने फिल्म निकाह की लोकप्रिय ग़ज़ल प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। वहीं जय जैन द्वारा रिवर्स सिंगिंग शैली में प्रस्तुत गीत छूकर मेरे मन को गीत को श्रोताओं ने विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषिका ज्योति धारकर ने किया। कार्यक्रम सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स समूह के संयोजक महेश कुमार विनोदिया और अतिथियों द्वारा भिलाई आइडल के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, गिफ्ट और गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया।

## हेल्थ टिप्स

### ज्यादा प्रोटीन से यूरिक एसिड पर होता है असर, जरूर जानिए



अक्सर लोगों को लगता है कि हाई प्रोटीन डाइट से शरीर का यूरिक एसिड बढ़ता है। इस बात में कितनी सच्चाई है, आज यहां जानेंगे। आज के समय में फिटनेस और वजन घटाने के लिए हाई प्रोटीन डाइट का चलन तेजी से बढ़ रहा है। जिम जाने वाले लोग, एथलीट्स और वेट लॉस करने वाले व्यक्ति अक्सर अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ा देते हैं। लेकिन इसके साथ ही एक आम धारणा यह भी है कि ज्यादा प्रोटीन खाने से शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है, जिससे जोड़ों में दर्द और गाउट जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

क्या यह सच है या सिर्फ एक मिथक? सही जानकारी के बिना डाइट फॉलो करना नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि हाई प्रोटीन डाइट को संतुलित तरीके से अपनाया जाए ताकि शरीर स्वस्थ रहे और यूरिक एसिड भी नियंत्रित रहे। यहां हम आपको इसकी सच्चाई बताएंगे।

#### प्रोटीन और प्यूरीन का संबंध

कुछ प्रोटीन स्रोतों में प्यूरीन नामक प्राकृतिक तत्व पाया जाता है, जो शरीर में जाकर यूरिक एसिड बनाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर प्रकार का प्रोटीन यूरिक एसिड बढ़ा देता है। शरीर खुद भी प्यूरीन बनाता है और भोजन से मिलने वाला हिस्सा केवल एक कारक होता है। समस्या तब बढ़ती है जब हाई-प्यूरीन फूड्स का अधिक सेवन लगातार किया जाए और शरीर उसे ठीक से बाहर न निकाल पाए।



#### हर प्रोटीन नुकसानदायक नहीं होता

सभी प्रोटीन स्रोत एक जैसे नहीं होते। अंडा, दूध, दही और पनीर जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स तथा पौधे आधारित प्रोटीन जैसे दालें और चने आमतौर पर यूरिक एसिड पर बहुत ज्यादा असर नहीं डालते। असली जोखिम रेड मीट, ऑर्गन मीट (जैसे लीवर) और कुछ सी-फूड से ज्यादा जुड़ा होता है, जिनमें प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है।

#### मात्रा सबसे महत्वपूर्ण

किसी भी पोषक तत्व की तरह प्रोटीन में भी संतुलन जरूरी है। यदि प्रोटीन का सेवन जरूरत से ज्यादा किया जाए, तो शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। लेकिन सामान्य और संतुलित मात्रा में हाई प्रोटीन डाइट लेने से यूरिक एसिड का स्तर खतरनाक रूप से नहीं बढ़ता। इसलिए डाइट को बैलेंस रखना सबसे अहम है।

#### पानी की कमी भी कारण

शरीर में पानी की कमी होने पर यूरिक एसिड ठीक से बाहर नहीं निकल पाता और किडनी पर दबाव बढ़ जाता है। इससे यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। पर्याप्त पानी पीना शरीर से टॉक्सिन्स और अतिरिक्त यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है, इसलिए हाइड्रेशन बेहद जरूरी है।

#### लाइफस्टाइल का असर

यूरिक एसिड बढ़ने का कारण सिर्फ डाइट नहीं है, बल्कि पूरी लाइफस्टाइल होती है। मोटापा, शराब का सेवन, कम शारीरिक



गतिविधि और अनहेल्दी खान-पान इसके बड़े कारण हैं। नियमित एक्सरसाइज और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

#### तो आखिर क्या है निष्कर्ष?

हाई प्रोटीन डाइट सीधे तौर पर यूरिक एसिड बढ़ाने का मुख्य कारण नहीं है। असली समस्या तब होती है जब गलत प्रकार का प्रोटीन अधिक मात्रा में लिया जाए और लाइफस्टाइल अनहेल्दी हो। संतुलित आहार, पर्याप्त पानी और नियमित व्यायाम के साथ हाई प्रोटीन डाइट को सुरक्षित रूप से अपनाया जा सकता है।

## मौसम का असर पड़ता है हमारी पाचन प्रणाली पर

# इस मौसम में पेट की सेहत को दुरुस्त रखने इन बातों पर दें विशेष ध्यान, तकलीफों से हमेशा रहेंगे कोसों दूर

अभी गर्मी पूरी तरह गई नहीं है और बारिश भी जमकर नहीं हुई है. ऐसे में मौसम कुछ अलग सा है। इस मौसम में अक्सर पेट से संबंधित समस्याएं देखने को मिलती हैं, और इसके कई कारण हो सकते हैं। इसलिए हेल्दी गट हेल्थ के लिए डाइट से संबंधित कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

गर्मियों का मौसम आते ही हम सभी शरीर को ठंडा रखने और त्वचा की देखभाल पर ध्यान देते हैं, लेकिन अक्सर यह भूल जाते हैं कि यह भीषण गर्मी हमारी पाचन प्रणाली यानी गट हेल्थ पर भी गहरा असर डालती है। सूरज की तपिश और बढ़ता तापमान न केवल हमें बाहर से परेशान करता है, बल्कि अंदरूनी तौर पर भी हमारी पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकता है।

भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन, खान-पान में छोटी सी लापरवाही, और हानिकारक बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इन कारणों से पेट से जुड़ी सामान्य समस्याएं जैसे कब्ज, अपच, दस्त और पेट दर्द आम हो जाती हैं। यह सिर्फ असहजता ही नहीं, बल्कि शरीर की ऊर्जा और पोषक तत्वों के अवशोषण को भी बाधित कर सकती है। इसलिए, जिस तरह हम अपनी त्वचा को धूप से



बचाते हैं, ठीक उसी तरह गर्मियों में अपनी आंतों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है, ताकि पाचन तंत्र स्वस्थ रहे और हम इस मौसम का पूरा आनंद ले सकें। आइए जानते हैं कि गर्मियों में गट हेल्थ को दुरुस्त रखने के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

#### हाइड्रेशन का रखें ध्यान

गर्मी में पसीने के कारण शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है, जिससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है। पर्याप्त पानी पीना गट हेल्थ के लिए जरूरी है, क्योंकि यह भोजन को पचाने और मल को नरम रखने में मदद करता है। रोजाना 8-10 गिलास पानी पिएं। इसके अलावा आप अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए नारियल पानी, नींबू पानी, और छाछ जैसे पेय पदार्थ को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। ये पेय शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करते हैं संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। मीठे और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स से बचें, क्योंकि ये पाचन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।



#### प्रोबायोटिक्स से भरपूर आहार लें

प्रोबायोटिक्स अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, जो गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। गर्मियों में दही, लस्सी, और केफिर जैसे प्रोबायोटिक युक्त खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करें। ये पाचन को बेहतर बनाते हैं और आंतों में बैक्टीरियल संतुलन बनाए रखते हैं। घर का बना दही या छाछ न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि गर्मी में पेट को ठंडक भी देता है।

#### फाइबर युक्त भोजन का सेवन करें

फाइबर आंतों को स्वस्थ रखता है और कब्ज की समस्या से बचाता है। गर्मियों में मौसमी फल जैसे तरबूज, खरबूजा, और आम के साथ-साथ हरी सब्जियां जैसे



खीरा, पालक, और टमाटर खाएं। ये फाइबर से भरपूर होते हैं और पाचन को आसान बनाते हैं। साबुत अनाज जैसे ओट्स, ज्वार, और बाजरा भी फाइबर का अच्छा स्रोत हैं। तले-भुने और मसालेदार भोजन से परहेज करें, क्योंकि ये पेट में जलन और अपच का कारण बन सकते हैं।

#### खान-पान में सावधानी बरतें

गर्मी में खाना जल्दी खराब हो सकता है, जिससे फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ता है। हमेशा ताजा और साफ-सुथरा भोजन करें। बाहर का खाना खाने से बचें, खासकर कटे हुए फल या स्ट्रीट फूड, क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना होती है। खाना पकाने से पहले फल-सब्जियों को अच्छे से धोएं। इसके अलावा, भोजन को छोटे अंतराल पर थोड़ा-थोड़ा खाएं, ताकि पाचन तंत्र पर दबाव न पड़े। रात के समय हल्का भोजन करें।

# खेल शिक्षकों से अन्य शिक्षकीय कार्य कराने को अनुचित बताया शिक्षा अधिकारी की बैठक में



**रायपुर।** रायपुर के समस्त क्रीड़ा शिक्षकों की बैठक बुधवार को देवेंद्र नगर स्थित बालाजी विद्या मंदिर में आयोजित की गई। नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी एम जी सतीश कुमार व सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी छाया प्रकाश राव, शिरीष तिवारी, जी स्वामी बालाजी स्कूल व रायपुर जिले

- विषय शिक्षकों की अनुपस्थिती मे खेल शिक्षकों को प्रॉक्सी पीरियड देने को भी बताया अनुचित
- स्कूल शिक्षा विभाग विकासखंड व जिला खेल कैलेंडर पर हुई चर्चा

के समस्त विकासखंड खेल प्रभारियों व जिले के क्रीड़ा शिक्षकों की उपस्थिति में हुई बैठक में वर्ष 2026-27 मे स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के बारे मे चर्चा की गयी। बैठक में विभिन्न खेलों के लिए स्थान व तिथियों का निर्धारण किया गया साथ ही व्यायाम शिक्षकों को आने वाली विभिन्न समस्याओ पर विस्तृत चर्चा की गयी ।

इस बैठक में शुल्क से प्राप्त क्रीड़ा अंशदान राशि को केवल खेल मद मे खर्च करने को कहा गया। अधिकारियों ने कहा व्यायाम शिक्षकों को खेल पीरियड ना देकर अन्य शिक्षकीय कार्य कराया जाता है जो सर्वथा अनुचित है। बैठक में विषय शिक्षकों की अनुपस्थिती मे क्रीड़ा शिक्षकों को प्रॉक्सी पीरियड देने को भी अनुचित माना गया साथ ही केवल खेल कार्य को क्रीड़ा शिक्षकों की पहली प्राथमिकता कहा गया। इस संबंध मे केंद्र से आधिकारिक आदेश की भी पुष्टि की गयी है, जिसे कुछ दिनों मे संचालनालय स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी होने की उम्मीद जताई गयी है। बैठक में नव पहल करते हुए पहली बार हुए नियमित खेल प्रशिक्षण शिविर की चर्चा हुई जिसकी उपलब्धियों के बारे मे जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया एवं इनके प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत मे आभार प्रदर्शन धरसींवा विकासखंड खेल प्रभारी प्रकाश कश्यप ने किया ।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर होगा उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के आयोजन को लेकर संघ के पदाधिकारी की बैठक की गई। बैठक में भारतीय ओलंपिक संघ के आग्रह पर 2036 वृक्ष लगाने हेतु तैयारी पर चर्चा की गई साथ ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर सभी खेल के दो उत्कृष्ट खिलाड़ी एक महिला एक पुरुष एवं एक कोच को सम्मान पर चर्चा की गई।

- छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने की बैठक मे चर्चा



बैठक में छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया, गजराज पगरिया, उपाध्यक्ष, आर के श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, अकरम खान सहसचिव, प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव, अवतार जुनेजा कार्यकारिणी सदस्य, डॉ अतुल शुक्ला कार्यकारिणी सदस्य और प्रमोद सिंह ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ हर साल 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस' के अवसर पर 23 जून को राज्य में विभिन्न खेल, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आम जनता और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें खेल गतिविधियों से जोड़ना है।



# रिश्ते में भरोसे और प्यार के लिए अपनाएं '3 सी', कभी नहीं होगा विवाद

आज के समय कई रिश्ते दोस्ती से प्यार में और फिर शादी में बदल रहे हैं। मगर विवाह केवल दो स्त्री-पुरुष के बीच का संबंध नहीं है, बल्कि यह दो परिवारों को जोड़ता है। ऐसे में लव हो या अरेंज मैरिज, विवाह को सफल बनाने का दबाव दोनों साथियों पर होता है। ऐसे में जब एक साथी को दूसरे से '3सी' यानी कमिटमेंट, कंपैटिबिलिटी और कम्युनिकेशन नहीं मिलता है, तो रिश्ते में दरार आने लगती है। वह रिश्ते में खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगता है। धीरे-धीरे दोनों के बीच विवाद इतने बढ़ जाते हैं कि यह बंधन टूटने की कगार पर आ जाता है। इसलिए आपके प्यार भरे रिश्ते में '3सी' का मैजिक जरूर होना चाहिए।

#### कमिटमेंट

कमिटमेंट यानी वचनबद्धता, यह रिश्ते की नींव होती है। जब दोनों साथी एक-दूसरे के प्रति समर्पित होते हैं तो उनके बीच भरोसा, प्यार और सुरक्षा की भावना गहराने लगती है। वे मिलकर भविष्य की योजनाएं बनाते हैं और उन्हें ईमानदारी



से निभाते हैं। वैवाहिक रिश्ते में एक साथी का दूसरे साथी के प्रति कमिटमेंट होना दर्शाता है कि साथी अपने रिश्ते को लेकर कितना गंभीर है। यह भावना दोनों को भावनात्मक रूप से जोड़ती है, जिससे वे एक-दूसरे से खुलकर बात कर पाते हैं। डर और खुशियां साझा करने से संबंध और मजबूत होते हैं और रिश्ता संतुलित तथा स्थायी बनता है।

#### कंपैटिबिलिटी

कंपैटिबिलिटी का मतलब है- दो लोगों के बीच आपसी समझ और तालमेल। जब जीवन-शैली, सोच, आदतें और संवाद-शैली में सामंजस्य होता है तो रिश्ता मजबूत और खुशहाल बनता है। कंपैटिबल लोग एक-दूसरे की भावनाओं और जरूरतों को समझते और सम्मान करते हैं। वे खुलकर बात करते हैं, जिससे गलतफहमियां दूर होती हैं। ऐसे रिश्ते में तनाव और टकराव की संभावना भी कम रहती है। ऐसा भी जरूरी नहीं कि दोनों में सब कुछ समान हो, पर जब दोनों एक-दूसरे को स्वीकारते हैं तो रिश्ता गहरा होता है। कंपैटिबिलिटी वैवाहिक जीवन की स्थिरता और संतुलन के लिए आवश्यक है, जो हर रिश्ते में जरूरी है, ताकि आप अपना रिश्ता प्रेमपूर्वक निभा सकें।

#### कम्युनिकेशन

कम्युनिकेशन यानी संवाद किसी भी रिश्ते की नींव है, जिस से प्यार, समझ और भावनात्मक जुड़ाव गहरा होता है। जब किसी भी रिश्ते में संवाद की कमी होती है तो गलतफहमियां, नाराजगी और दूरियां बढ़ने लगती हैं। विवाहित जोड़े जब एक-दूसरे से खुलकर बात नहीं करते या एक-दूसरे की बात सुनने में रुचि नहीं दिखाते तो रिश्ता कमजोर पड़ता है। अच्छा संवाद दो लोगों के बीच की दूरी को कम करता है और आपसी विश्वास को मजबूत बनाता है। यदि पार्टनर अपने दिल की बात साझा न कर सके तो अकेलापन महसूस होता है। दोनों के बीच प्यार और प्रभावी कम्युनिकेशन उनके रिश्ते को मजबूत कर खुशहाल बनाता है।



## कार्नर न्यूज


## खुलकर हंसना आपको रखता है तंदरुस्त

# मेंटल हेल्थ के लिए 'हंसी' है सबसे अच्छा इलाज 'लाफ्टर थेरेपी' अपनाने से मिलेंगे अद्भुत फायदे

खुलकर हंसना एक ऐसी भावनात्मक अभिव्यक्ति है, जिसमें हमारे मन और शरीर को स्वस्थ रखने की अद्भुत क्षमता है। अक्सर लोग अपने तनाव को कम करने के लिए लाफ्टर थेरेपी का सहारा लेते हैं, इसलिए आइए इस लेख में इसके 4 प्रमुख फायदों के बारे में जानते हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। इनसे समस्या से निजात पाने के लिए लोग अक्सर महंगे उपचारों और जटिल तकनीकों की तलाश करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक सबसे आसान, मुफ्त और प्राकृतिक उपाय आपकी मानसिक सेहत स्वस्थ्य रखने में अहम भूमिका निभा सकता है? जी हां, बात है लाफ्टर थेरेपी की यानी खुलकर हंसने की।

हंसी एक ऐसी भावनात्मक अभिव्यक्ति है, जिसमें हमारे मन और शरीर को स्वस्थ्य रखने की अद्भुत क्षमता है। कई स्टडी में ऐसा देखने को मिलता है कि संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए खुलकर हंसने से न सिर्फ हमारा मन हल्का रहता है बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य में भी सकारात्मक बदलाव



होते हैं। लाफ्टर थेरेपी के कई स्वास्थ्य लाभ हैं, आइए कुछ प्रमुख स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

#### तनाव और चिंता में कमी

खुलकर हंसी शरीर में एंडोर्फिन जैसे खुशी के हार्मोन को रिलीज करती है, जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद करते हैं। जब हम हंसते हैं, तो कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर घटता है। लाफ्टर थेरेपी सत्रों में लोग समूह में हंसने के व्यायाम करते हैं, जैसे हंसी योग, जो दिमाग को शांत करता है।

#### रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार

खुलकर हंसने न सिर्फ मन खुश रहता है, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। हंसने से शरीर में टी-सेल्स और एंटीबॉडीज का उत्पादन बढ़ता है, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। लाफ्टर थेरेपी नियमित रूप से करने वाले लोग सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों से कम प्रभावित होते हैं।

#### सामाजिक जुड़ाव

लाफ्टर थेरेपी अक्सर समूहों में की जाती है,



जहां लोग एक-दूसरे के साथ हंसते और बातचीत करते हैं। यह सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाता है और अकेलेपन की भावना को कम करता है। हंसी लोगों के बीच विश्वास और दोस्ती का सेतु बनाती है। परिवार या दोस्तों के साथ हंसने से रिश्ते मजबूत होते हैं, और यह अवसाद से जूझ रहे लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है।

#### शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार

हंसी एक बेहतरीन व्यायाम है। यह रक्त संचार को बेहतर करता है, और मांसपेशियों को आराम देता है। हंसी ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी मदद करती है। जो लोग पुरानी बीमारियों से जूझ रहे हैं उनके लिए लाफ्टर थेरेपी बहुत फायदेमंद हो सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दुआ ने टर्नर के साथ ऑफिशियली अनाउंस की शादी, शेयर की चार खूबसूरत तस्वीरें

ग्लोबल पॉप स्टार दुआ लीपा और एक्टर कैलम टर्नर ने आखिरकार शादी कर ली है। दोनों ने आधिकारिक तौर पर आज सोशल मीडिया पर अपनी शादी



की घोषणा की है। दुआ ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की चार खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर यह खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की है।

दुआ लीपा ने एक्टर कैलम टर्नर से शादी कर ली है। जिसकी खास झलक दुआ ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। इन तस्वीरें के साथ दुआ ने अपनी वेडिंग डेट को मेंशन किया है। दुआ ने लिखा, '31.05.2026'

दुआ की इस पोस्ट पर गिगी हदीद ने उन्हें शादी की बधाई दी है। गिगी हदीद ने लिखा, 'बेहद खूबसूरत, बधाई हो।' दुआ की इस पोस्ट पर बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने ब्लैक और लाल दिल वाले इमोजी बनाएं हैं।

अपनी शादी में दुआ लिपा ने डैनियल रोजबेरी द्वारा डिजाइन किया गया खास सूट पहना है। इसके साथ उन्होंने मैचिंग ग्लव्स, जूते और एक बड़ी सी व्हाईट कैप पहनी हुई है। टर्नर नेवी सूट और टाई में नजर आए और दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे बेहद खुश दिख रहे हैं। दुआ और टर्नर के फैंस उन्हें लगातार सोशल मीडिया पर शादी की बधाई दे रहे हैं। दोनों कलाकारों का रिश्ता पहली बार जनवरी 2024 में सुर्खियों में आया था। जून 2025 में लीपा ने अपनी सगाई की पुष्टि की थी।

### टॉलीवुड

## रुक्मिणी के साथ फिल्म बनाने जा रहे नानी, लीड एक्टर की तलाश जारी

साउथ के मशहूर अभिनेता नानी अब रुक्मिणी वसंत के साथ एक नई फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिल्म के लिए लीड एक्टर की तलाश जारी है। साउथ के



अभिनेता और फिल्ममेकर नानी अपने प्रोडक्शन हाउस 'वॉल पोस्टर सिनेमा' के तहत एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें लीड एक्ट्रेस के तौर पर 'कांतारा चैप्टर 1' की अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत को कास्ट किया गया है। खबरों के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट को मुरलीकांत देवसोथ डायरेक्ट करेंगे। इस फिल्ममेकर को पहले अपनी रूरल ड्रामा फिल्म 'धंडोरा' के लिए तारीफ मिल चुकी है।

नानी की टीम अभी स्क्रिप्ट और प्री-प्रोडक्शन के दूसरे कामों पर काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि मुरलीकांत कहानी को फाइनल टच दे रहे हैं और साथ ही सपोर्टिंग कास्ट और टेक्निकल क्रू को भी तय कर रहे हैं। मेकर्स फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले हर पहलू की सावधानी से प्लानिंग कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में एक बड़ी अपडेट फीमेल लीड का चुनाव है। खबर है कि हीरोइन के रोल के लिए एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत को चुना गया है। एक्ट्रेस ने फिल्म का हिस्सा बनने के लिए हामी भर दी है। रुक्मिणी अपनी परफॉर्मेंस के लिए चर्चा में रही हैं।

खबर है कि इस फिल्म के लिए लीड एक्टर की तलाश अभी जारी है। प्रोडक्शन टीम ऐसे सही एक्टर की तलाश में है जो कहानी में फिट बैठे और किरदार में जान डाल सके। हीरो के तय होने के बाद, मेकर्स के इस प्रोजेक्ट के बारे में ऑफिशियल अनाउंसमेंट करने की उम्मीद है।

फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होने की संभावना है। तब तक टीम तैयारी जारी रखेगी और जरूरी शुरुआती काम पूरे कर लेगी। चूंकि फिल्म नानी के बैनर तले बन रही है, इसलिए फिल्म प्रेमियों के बीच अभी से उम्मीदें बढ़ रही हैं।

### भोजपुरी

## 'मर्द का प्यार नहीं आदत हो जाती है'-काजल पर बोले खेसारी

खेसारी लाल यादव बोले- पवन सिंह ने कहा था कि खेसारी के साथ कभी काम नहीं करूंगा और उसके बाद से मैं इंडस्ट्री में काम कर ही रहा हूं। उन्होंने काजल



राघवानी को लेकर भी बातें की और कहा- मैं तो ये कहूंगा कि मर्द का प्यार नहीं आदत हो जाती है। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने एक बार फिर पवन सिंह की तरफ निशाना साधा है। हाल ही में एक पॉडकास्ट पर खेसारी लाल यादव ने काफी सारी बातें की हैं। उन्होंने पवन सिंह पर तीखा वार करते हुए कहा, 'मैं इस इंडस्ट्री में उनके बाद आया लेकिन उनसे अधिक फिल्में की हैं।'

खेसारी लाल यादव पवन को लेकर बोले, 'उन्होंने कहा था कि खेसारी के साथ कभी काम नहीं करूंगा और उसके बाद से मैं इंडस्ट्री में काम कर ही रहा हूं। पवन सिंह के साथ मैंने एक ही फिल्म की है। सच बात सबको अच्छी नहीं लगती। मैं पवन सिंह का चमचा नहीं हूं।'

खेसारी ने काजल राघवानी को लेकर भी बातें की। उन्होंने कहा, 'उस वक्त वो मेरे लिए सही थीं तो आज भी सही हैं। इंसान को प्यार हो जाता है। मैं तो ये कहूंगा कि मर्द का प्यार नहीं आदत हो जाती है। जब प्यार हो तो बेबी-सोना, ब्रेकअप के बाद सब गलत बताते हैं।'

एक्टर ने अपने संघर्ष पर भी बातें कीं। उन्होंने कहा, 'हमारे पास जमीन नहीं थी। हमलोग चाचा के साथ गांव में रहते थे। पिताजी दिल्ली में काम करते थे।

## सादगी की मिसाल




फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया (एफडीसीआई) ने 'भारत टेक्स' में उत्साहजनक भागीदारी दी। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस शानदार ग्लोबल टेक्सटाइल इवेंट में भारत की टेक्सटाइल वैल्यू चेन और टिकाउ फ़ैशन को दिखाया गया। जाने-माने डिज़ाइनरों ने इनोवेशन और कारीगरी के मेल से बनी अपनी सादगी से भरपूर नई क्रिएशन पेश की। इस इवेंट को अच्छी प्रतिक्रिया मिली और इसने फ़ैशन की दुनिया में आए बदलावों को उजागर किया।

## क्या आप भी स्किन पर लगाते हैं परफ्यूम तो जानिए इससे होने वाले साइड इफेक्ट्स

गर्मी का मौसम है। इस मौसम में हर कोई परफ्यूम को अपना दोस्त बना लेता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में पसीना काफी ज्यादा आता है, जिस कारण शरीर में से बदबू आने लगती है। ऐसे में परफ्यूम इस बदबू से आपको छुटकारा दिलाता है।

ऐसा माना जाता है कि यदि परफ्यूम को स्किन पर लगाया जाए तो इसकी खुशबू लंबे समय तक टिकती है। इसलिए लोग कलाई या फिर गर्दन पर इसे लगाते हैं। पर, क्या आप जानते हैं कि स्किन पर परफ्यूम लगाना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। यहां हम आपको स्किन पर परफ्यूम लगाने के नुकसान आपको बताने जा रहे हैं।

### एलर्जी की संभावना

यदि आप स्किन परफ्यूम लगाते हैं तो उसमें मौजूद केमिकल्स स्किन पर रैश, खुजली, लाल चकत्ते या जलन का कारण बन सकते हैं। कई बार तो सस्ते परफ्यूम की वजह से



दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टर तक की सलाह लेनी पड़ सकती है। इसलिए जितना हो सके स्किन पर परफ्यूम लगाने से बचें।

### डार्क स्पॉट्स

हम सभी पूरी तरह से तैयार होने के बाद ही परफ्यूम लगाते हैं। ऐसे में यदि आप स्किन पर परफ्यूम लगाकर तुरंत बाहर जाएंगे तो फोटो सेंसिटिव रिएक्शन हो सकता है। इसकी वजह से स्किन पर काले धब्बे हो सकते हैं। पिग्मेंटेशन की वजह से आपका लुक भी खराब हो सकता है। इसलिए यदि स्किन पर परफ्यूम अप्लाई कर रहे हैं तो तुरंत बाहर न निकलें।

### बढ़ेगी त्वचा की ड्राईनेस

अक्सर जब हम स्किन पर परफ्यूम अप्लाई करते हैं तो अल्कोहल-बेस्ड परफ्यूम स्किन से नैचुरल नमी खींच लेता है। इस कारण त्वचा अपने आप रूखी हो जाती है। इसकी वजह से स्किन तो काफी डल हो जाती है। इसलिए स्किन पर परफ्यूम लगाने से बचें।


### स्किन पर होगी इरिटेशन

ज्यादातर लोग गले पर परफ्यूम लगाते हैं या फिर कलाई पर। ऐसे में एक ही जगह पर बार-बार परफ्यूम जगह लगाने से स्किन लाल और सेंसिटिव हो सकती है।

## बारिश में रोमांटिक डेट का प्लान है तो पहनें ये



देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की दस्तक बस होने की है। वैसे भी बारिश का मौसम काफी सुहावना होता है। ऐसे में अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत बनकर घूमने की प्लानिंग जरूर करें। फिल्मों से लेकर असल जिंदगी तक में बारिश का काफी महत्व होता है। जैसे ही बारिश का ये मौसम शुरू होता है, वैसे ही आस-पास हरियाली दिखने लगती है। मन भी काफी खुशनुमा सा हो जाता है। ऐसे में लोग इस मौसम में अपने अपनों के साथ समय व्यतीत करना पसंद करते हैं। यदि आप भी बारिश के मौसम में अपने पार्टनर के साथ डेट पर जाने वाली हैं तो अपने कपड़ों का खास ध्यान रखें। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही आउटफिट्स का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, जिसे पहनने के बाद आप बारिश में लगेंगी भी बेहद प्यारी और इन कपड़ों को पहनकर आपका लुक सजह रहेगा।



### डेनिम शॉर्ट्स और टॉप

यदि आप कॉटन शॉर्ट्स नहीं पहनना चाहती हैं तो डेनिम शॉर्ट्स को प्राथमिकता दें। इसके साथ टैंक टॉप पहनकर आप अपने लुक को ग्लैमरस बना सकती हैं। इसके साथ पैरों में साधारण चप्पल पहनने की बजाए जूते कैरी करें। बालों को खुला रखेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।



### फ्लोरल मिडी

बरिश के मौसम में आस-पास काफी हरियाली होती है। इसलिए ऐसी फ्लोरल मिडी भी आप कैरी कर सकती हैं। मिडी पहन रही हैं तो उसके साथ स्लीपर पहनें। बारिश के मौसम में हील्स आपको परेशान कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ बालों को कर्ल करके खुला रखें। इस खूबसूरत से मौसम में यदि आप ब्लू रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनेंगी तो आपका पार्टनर आप पर से अपनी नजरें नहीं हटा पाएगा। ऐसे में अपने लिए एक ऐसी ड्रेस अवश्य खरीद लें। इसके साथ चाहें तो हल्की हील पहनें, क्योंकि ऐसी ड्रेस के साथ हील्स ही अच्छी लगेंगी। साथ ही में अपने बालों को कर्ल करें।

## कहीं फेशियल के नाम पर आपके चेहरे से तो नहीं हो रहा खिलवाड़

चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लेकर पुरुष भी फेशियल कराते हैं। यदि इस ट्रीटमेंट के बाद भी चेहरे की खूबसूरती नहीं बढ़ रही है तो चेक करें कि आपके साथ भी फेशियल के नाम पर खिलवाड़ नहीं हो रहा है।

चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए आज-कल तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट चलन में हैं। इन्हीं में एक है फेशियल। महिलाओं से लेकर पुरुष तक फेशियल से कराकर अपना चेहरा चमकाते हैं। इसकी वजह से चेहरे की डीप क्लींजिंग हो जाती है। ये त्वचा को निखारने और ताजगी देने का एक लोकप्रिय तरीका है, लेकिन यदि इसे सही तरीके से न किया जाए, तो यह आपकी त्वचा के लिए हानिकारक भी हो सकता है।

अक्सर पार्लर में जल्दबाजी के चक्कर में कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिस कारण चेहरा दमकने के जगह मुरझा जाता है। यहां हम आपको इन्हीं गलतियों के बारे में आपको जानकारी देंगे, ताकि आप भी फेशियल कराते समय ध्यान रखें।



### त्वचा में जलन

यदि फेशियल के दौरान आपके चेहरे पर थोड़ी सी भी खुजली या जलन हो रही है तो इसे इग्नोर न करें। क्योंकि कई बार केमिकल युक्त क्रीमें त्वचा को सूट नहीं करती हैं। ऐसे में खुजली और जलन आपको परेशान कर सकती है। कई बार तो ये दिक्कत इतनी बढ़ जाती है कि आपका चेहरा तक बिगड़ सकता है। इसलिए यदि कोई क्रीम रिएक्ट कर रही है तो उसे तुरंत हटवा दें। फेशियल के दौरान चेहरे पर मसाज की जाती है। यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो आपके चेहरे पर इस मसाज से चेहरा लाल हो सकता है।

## ये एक फूल देगा आपके बालों को नया जीवन, कीजिए इसका सही इस्तेमाल

प्रदूषण और खराब लाइफस्टाइल का असर अब लोगों की सेहत के साथ-साथ उनके बालों और त्वचा पर पड़ने लगा है। हम सभी चेहरे का ध्यान तो रख लेते हैं, लेकिन अक्सर बालों की देखभाल करना भूल जाते हैं। ऐसे में आपको एक ऐसे फूल के बारे में जरूर जानना चाहिए, जिसका हेयर मास्क बनाकर आप बालों से संबंधित कई परेशानियों को दूर कर सकते हैं।

यहां बात है गुड़हल के फूल की। इस में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिस कारण कहा जा सकता है कि ये फूल बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आइए आपको भी इसके इस्तेमाल का तरीका और फायदे बताते हैं।

### गुड़हल हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको सिर्फ दो चीजों की जरूरत पड़ेगी। इसमें पहला तो गुड़हल का फूल है, और दूसरा है दही या फिर एलोवेरा जेल। यदि आपका स्कैल्प ड्राई है तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। ऑयली स्कैल्प वाले लोग दही का इस्तेमाल करें।



### मास्क बनाने की विधि

अब बारी आती है इस हेयर मास्क को तैयार करने की। हेयर मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले गुड़हल के फूल को अच्छे से धोकर उसे ब्लैंडर में डालें और पीस लें। इसका आपको एकदम महीन पेस्ट बना लेना है। फूल को पीसने के बाद उसमें थोड़ा सा दही या फिर एलोवेरा जेल अपनी जरूरत के हिसाब से डालें और मिक्स करें। अब ये पेस्ट तैयार है। इसका इस्तेमाल काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने बालों को खोलकर सुलझा लें।

**कार्नर न्यूज**

### बदलते दौर में चलन बड़ रहा लिप सर्जरी का

## खूबसूरत दिखने अब लोग सहारा ले रहे लिप सर्जरी का, जानें इसका तरीका और संभावित नुकसान

जैसे-जैसे समय बदल रहा है, वैसे-वैसे लोगों के रहन-सहन से लेकर पहनावे में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। एक समय था, जब खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं सिर्फ मेकअप का इस्तेमाल करती थीं, लेकिन आज के समय महिलाएं तरह-तरह के कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट ले रही हैं। इन्हीं ट्रीटमेंट में शामिल है लिप सर्जरी।

जी हां, होंठों का आकार बढ़ाने या घटाने के लिए अब महिलाएं लिप सर्जरी कराना पसंद करती हैं। इससे लुक में काफी बदलाव देखने को मिलता है। कई अभिनेत्रियां नियमित रूप से लिप सर्जरी कराकर अपने लुक को खूबसूरत बनाती हैं। ज्यादातर महिलाओं को इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती, कि ये लिप सर्जरी कैसे होती है और इसके नुकसान क्या हैं। इसी के चलते हम आपको यहां इस सर्जरी से जुड़ी हर बात बताएंगे। ये सर्जरी मुख्यत दो प्रकार से की जाती है, आइए जानते हैं इसके बारे में।

### लिप ऑग्मेंटेशन

जो महिलाएं अपने होंठों का आकार



बढ़ाना चाहती हैं, यानी कि होंठों में उभार चाहती हैं वो लिप ऑग्मेंटेशन कराती हैं। ज्यादातर अभिनेत्रियां इस सर्जरी को कराकर अपने होंठों के आकार में बदलाव करती हैं। इस आसान की सर्जरी में हायालूरोनिक एसिड जैसे फिलर होंठों में इंजेक्शन के जरिए इंजेक्ट किए जाते हैं।


इस प्रक्रिया को पूरा होने में तकरीबन आधे घंटे का समय लगता है। इसे एक बार कराने के बाद इसका असर तकरीबन 8 महीने से एक साल तक तो रहता ही है। जो महिलाएं स्थायी रूप से अपने होंठों को मोटा बनाना चाहती हैं, वो डॉक्टर की सलाह पर सिलिकॉन का इस्तेमाल भी कराती हैं।

### इसके नुकसान

कई मामलों में ऐसा देखा जाता है कि लिप ऑग्मेंटेशन के बाद होंठों पर जलन, लालिमा और दर्द का एहसास होता है। कई मामलों में तो दिक्कत तब सामने आती है जब फिलर की वजह से होंठों का आकार ही बदल गया हो। इसकी वजह से होंठ टेढ़े-मेढ़े दिखने लगते हैं। एलर्जी की थोड़ी सी भी संभावना लग रही तो इसे इग्नोर न करें, बल्कि तत्काल ही डॉक्टर की सलाह लें।

### लिप रिडक्शन

इसके नाम से ही आपको क्लीयर हो गया होगा कि इसका काम होंठों का आकार पतला करना है। जिन महिलाओं के होंठ काफी ज्यादा मोटे होते हैं, वो इस सर्जरी के माध्यम से अपने होंठों को पतला कराती हैं। ये भी एक सर्जिकल प्रक्रिया है। जिसमें होंठ के अंदर से अतिरिक्त ऊतक को हटाया जाता है और टांके लगाए जाते हैं। इस प्रक्रिया के लिए व्यक्ति को जनरल एनेस्थीसिया दिया जाता है, ताकि उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो।



### इसके नुकसान

लिप रिडक्शन सर्जरी के मामले में कई बार घाव ठीक होने में काफी समय लगता है। यदि इसे सही जगह से न कराया जाए तो टांकों के निशान रह जाते हैं, जो देखने में अजीब लगते हैं। इससे कई बार बोलने में भी दिक्कत होती है।

### इन बातों का ध्यान रखकर कराएं सर्जरी

यदि आपका लिप सर्जरी कराने का मन है तो सबसे पहले तो एक अच्छे कॉस्मेटिक डॉक्टर की सलाह लें। वहां जाकर अपना टेस्ट कराएं कि आपकी स्किन सर्जरी के लिए सही है या नहीं।